

30वीं वार्षिक रिपोर्ट
2015 - 16

राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान

एक सांविधिक संस्थान निफ्ट अधिनियम 2006 द्वारा शासित

वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार

निफ्ट कैम्पस, हौज खास, गुलमोहर पार्क के सामने, नई दिल्ली–110016

30वीं वार्षिक रिपोर्ट

2015–2016

राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान

एक सांविधिक संस्थान निफ्ट अधिनियम 2006 द्वारा शासित

वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार

निफ्ट कैम्पस, हौज खास, गुलमोहर पार्क के सामने, नई दिल्ली–110016

A Modern take on
handcrafted products



विषय सूची

01	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (2015-16)
05	निफ्ट प्रस्तावना
07	उल्लेखनीय उपलब्धियां
08	छात्र विकासात्मक गतिविधियां
09	निफ्ट कैम्पसेज
	शैक्षणिक विभाग
11	फैशन डिजाइन
19	लेदर डिजाइन
31	टैक्सटाईल डिजाइन
41	निट्वियर डिजाइन
55	फैशन एंड लाईफस्टाईल एक्सेसरी
69	फैशन कम्यूनिकेशन
85	फैशन टेक्नोलॉजी
93	फैशन प्रबंधन अध्ययन
99	डिजाइन स्पेस
103	राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संबंध
106	राष्ट्रीय संसाधन केंद्र
107	क्लस्टर विकास पहल
111	सूचना प्रौद्योगिकी पहल
113	सतत् शिक्षण कार्यक्रम
117	कैंपस प्लेसमेंट
119	पीएच.डी और अनुसंधान
126	संकाय उन्मुख प्रशिक्षण और विकास
127	प्रवेश 2015
128	दीक्षांत समारोह 2015
129	संक्षिप्त रूप
130	लेखा परीक्षक रिपोर्ट और लेखों का विवरण

बोर्ड ऑफ गवर्नर्स

मार्च 2016 तक के सदस्य

श्रीमती किरण धींगरा, आईएएस (से.नि.) **अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, निफ्ट**	83 सी गांव गांसिम–भातिम पोस्ट ऑफिस गोआ वेल्हा तालुका तिसवाड़ी, गोआ – 403108
श्री नरेश गुजराल **माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा**	5, अमृता शेरगिल मार्ग नई दिल्ली 110003
श्री एस. सिल्वाकुमार चिन्नयन **माननीय संसद सदस्य, लोक सभा**	एस–3, एससीपी रेजिडेंसी, बीवीबी स्कूल मेन रोड, थिंडल, जिला, इरोड–638 012 तमिलनाडू
श्रीमती पूनम महाजन **माननीय संसद सदस्य, लोक सभा**	ब्लॉक नं. 2 भीमा वर्ली सागर कोऑपरेटिव सोसाइटी डॉ. पोचखनवाला रोड, वर्ली मुम्बई–400 030
श्री जे.के. दादू, ए एस एण्ड एफए एमओटी (03.08.2015 से 31.03.2016 तक)	रूम नं. 35, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली
श्रीमती सुनयना तोमर **संयुक्त सचिव, वस्त्र मंत्रालय**	रूम नं'. 271, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली
श्री सुखबीर सिंह संधु, आईएएस, **संयुक्त सचिव, (सीयू एवं एल)**	रूम नं. 107 सी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली–110 001
श्री सुनील सेठी	अध्यक्ष, भारतीय फैशन डिजाईन परिषद् 209, ओखला औद्योगिक एस्टेट, फेज–3, नई दिल्ली–110020

श्रीमती कविता भरतिया	मैसर्स ओगान आवासीय पता : 2, अमृता शेरगिल मार्ग, नई दिल्ली–3
श्रीमती वंदना कोहली (03.02.2016 से 31.03.2016 तक)	82ए, सोमरसेट हाऊस सोफिया कॉलिज लेन ब्रेच केंडी, मुम्बई – 400 026
डॉ. ए शक्तिवेल	अध्यक्ष, पोपीस निटवेयर प्रा. लि. 33 एम. पी. नगर, कंगू नगर विस्तार तिरपुर–641 607 (तमिलनाडू)
श्रीमती नमिता आर.एल. चौधरी	रोशन कॉर्नर दी लॉरेन्स विद्यालय, सनावार तहसील–कसौली, जिला–सोलन हिमाचल प्रदेश–173204
श्री सब्यसाची मुखर्जी	फैशन डिजाइनर, सब्यसाची कोचर 80/2, टॉपसिया मार्ग, दक्षिण मारुति बागान कोलकाता–700046
श्री प्रद्युम्न व्यास	निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन अहमदाबाद–380 007
श्री सुधीर त्रिपाठी **महानिदेशक** (01.10.2015 से आज तक)	राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान हौज खास, नई दिल्ली–16

निफ्ट के अधिकारीगण

मुख्यालय

मार्च 2016 तक

श्री सुधीर त्रिपाठी, आईएएस
महानिदेशक

श्रीमती प्रमिला शरण, आईआरएस
अतिक्ति महानिदेशक एवं
मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री बी.के. पाण्डे
सीएओ एवं
निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रभारी

प्रो. डॉ. वन्दना भंडारी
डीन (शैक्षणिक)

प्रो. सिबीचन के. मैथ्यू
प्रमुख (शैक्षणिक मामले)

डॉ. संजीव कुमार
निदेशक (एन आर सी) एवं सूचना प्रौद्योगिकी

श्रीमती नीनू टेकचंदानी
रजिस्ट्रार एवं बोर्ड सचिव

सुश्री सिंजु महाजन
प्रमुख (क्लस्टर)

प्रो. रूसैल तिमोथी
प्रमुख (सतत् शिक्षा एवं डिप्लोमा प्रोग्राम)

श्री विजय कुमार दुआ
प्रमुख (कार्पोरेट कम्यूनिकेशन सेल)

श्री सुशील रतूड़ी
प्रमुख (उद्योग)

प्रो. एम. के. गांधी
प्रमुख (सूचना प्रौद्योगिकी)

प्रो. डॉ. शालिनी सूद
प्रमुख (अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय लिंकेज)

प्रो. डॉ. सुहैल अनवर
प्रमुख (परियोजना)

प्रो. डॉ. प्रबीर जाना
प्रमुख (अनुसंधान)

श्री शिवशक्ति ई
प्रमुख (एफओटीडी, एफडीपी एवं ब्रिज)

शैक्षणिक विभागों के विभागाध्यक्ष

मार्च 2016 तक

श्रीमती रूपा अग्रवाल
डिजाइन स्पेस विभाग

श्रीमती सुषमा एस. सेतवाल
फैशन कम्यूनिकेशन विभाग

प्रो. मोनिका गुप्ता
फैशन डिजाइन विभाग

श्री जी. चिरंजीवी रेड्डी
फैशन एवं जीवन शैली एसेसरीज

डॉ. जी. एच. एस. प्रसाद
फैशन प्रबंधन अध्ययन विभाग

प्रोफेसर डॉ. नूपुर आनंद
फैशन टैक्नालॉजी विभाग

प्रोफेसर जोमीचन एस पट्टाथिल
फांउडेशन कार्यक्रम

श्री वी. पी. सिंह
निटवियर डिजाइन विभाग

श्री राहुल सेठी
लेदर डिजाइन विभाग

प्रो. डॉ. सुधा धींगरा
टैक्सटाईल डिजाइन विभाग

निफ्ट कैम्पसों में
अधिकारीगण
मार्च 2016 तक

बैंगलूरू
प्रो. वी. शिवालिंगम
कैम्पस निदेशक

श्री एम. मुथुकुमार
संयुक्त निदेशक

भोपाल
श्री यू. एस. टोलिया
कैम्पस निदेशक

श्री समीर सूद
संयुक्त निदेशक (प्रभारी)

भुवनेश्वर
डा. के. सी. एस. रे
कैम्पस निदेशक

ले. कर्नल एल.एम. स्वेन
संयुक्त निदेशक

चेन्नई
प्रोफेसर डा. अनिता माबल मनोहर
कैम्पस निदेशक

श्री बी नरसिम्हन
संयुक्त निदेशक

गांधीनगर
श्री अरिंदम दास
कैम्पस निदेशक

श्री एन बी वैष्णव
संयुक्त निदेशक

हैदराबाद
डा. एन जे राजाराम
कैम्पस निदेशक

श्री डी. गोपालकृष्णन
संयुक्त निदेशक

जोधपुर
प्रो. डॉ. रघुराम जयरमन
कैम्पस निदेशक (प्रभारी)

श्री एन.एस. बोरा
संयुक्त निदेशक

कांगडा
प्रोफेसर एस. के. बालासिद्धार्थ
कैम्पस निदेशक

श्री डी.के. रंगरा
संयुक्त निदेशक

कन्नूर
श्री राजीव पंत
कैम्पस निदेशक

श्री जी. रमेश बाबू
संयुक्त निदेशक

कोलकाता
प्रो. बिनवंत कौर
कैम्पस निदेशक (प्रभारी)

श्री कुशल जांगिड
संयुक्त निदेशक

मुम्बई
सुश्री नीलिमा आर. सिंह
कैम्पस निदेशक

श्री बृजेश देओरे
संयुक्त निदेशक

नई दिल्ली
प्रो. डॉ. वन्दना नारंग
कैम्पस निदेशक (प्रभारी)

पटना
प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव
कैम्पस निदेशक

श्री शंकर कुमार झा
संयुक्त निदेशक

रायबरेली
डॉ. भारत शाह
कैम्पस निदेशक

श्री अखिल सहाय
संयुक्त निदेशक

शिलांग
श्रीमती आर.आर. मारक
कैम्पस निदेशक (प्रभारी)

जम्मू एवं कश्मीर
प्रो. एस.के. बाला सिद्धार्थ
कैम्पस निदेशक (प्रभारी)

प्रस्तावना

राष्ट्रीय फैशन टेक्नालॉजी संस्थान (निफ्ट) की स्थापना फैशन के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त वृत्तिकों की बढ़ती हुई आवश्यकता की पूर्ति करने के उद्देश्य से 1986 में हुई थी। अपनी स्थापना के बाद से यह वृत्तिक फैशन शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी नायक के रूप में उभरकर सामने आया है तथा इसने प्रबंध और प्रौद्योगिकी के साथ डिजाइन का बखूबी मिश्रण किया है।

निफ्ट के स्नातक परिवर्तन के अग्रणी संवाहक हैं तथा वे अपने संस्थान की अनेकानेक उपलब्धियों और सफलता गाथाओं को नए–नए आयाम प्रदान कर रहे हैं। संस्थान के पूर्व छात्र भारत और विदेश, दोनों ही स्थानों में, विभिन्न कार्य परिदृश्यों में मूल्यवर्धन प्रदान कर रहे हैं। वे महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाले पदों पर आसीन रहते हुए उद्योग में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं तथा फैशन व्यावसाय के भविष्य का निर्माण करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

आज निफ्ट बेंगलूर, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, गांधीनगर, हैदराबाद, जोधपुर, कांगड़ा, कन्नूर, कोलकाता, मुंबई, नई दिल्ली, पटना, रायबरेली और शिलांग में स्थित और पेशेवर तरीके से प्रबंधित कैंपसों के नेटवर्क के माध्यम से विचारप्रद नेतृत्व का अग्रेता बन गया है।

निफ्ट अपने छात्रों के लिए बहुविषयक और व्यावसायिक परिवेश का सृजन करने पर ध्यान–केन्द्रित करता है। इसके स्टूडियो और प्रयोगशालाएं श्रेष्ठ औद्योगिक स्थापनाओं के समतुल्य ही अद्यतन मशीनों और साफ्टवेयरों से सुसज्जित हैं। प्रशिक्षित और अनुभवी प्राध्यापक द्वारा व्यावहारिक, पारस्परिक संपर्कपूर्ण शिक्षण संचालित किया जाता है। निफ्ट द्वारा अपनाई गई सहायता और सहयोगपूर्ण शिक्षण की नीति संकाय विनिमय कार्यक्रमों और शिक्षुतावृत्तियों को प्रोत्साहित करती है। संस्थान पेशेवर और शैक्षणिक संगठनों के साथ ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान–प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है।

निफ्ट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुका है और यह सहभागी संस्थानों के साथ छात्र–विनिमय कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करता है तथा साथ ही अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों और प्रतिस्पर्धाओं में छात्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित करता है।

निफ्ट सतत् शिक्षा कार्यक्रमों का संचालन भी करता है जिसके अंतर्गत विशिष्ट कार्यक्रमों की एक व्यापक परिधि के भीतर महत्वाकांक्षी तथा कार्यरत वृत्तिकों को शामिल किया जाता है।

संस्थान के लिए उत्कृष्टता और अभिनवता का केन्द्र बनना ही पर्याप्त नहीं है। निफ्ट शिल्प क्षेत्र के साथ सहयोग स्थापित करने तथा समाज के वंचित वर्ग के मध्य कौशल–निर्माण के लिए अनेक पहलकदम उठाकर अपने सामाजिक उत्तरदायितत्व के मूल्यों को परिरक्षित और संपोषित कर रहा है। शिल्प क्लस्टर पहलकदम एक अत्यंत उल्लेखनीय प्रयास है जिसका उद्देश्य छात्रों को समूचे देश के शिल्पकारों और बुनकरों से जोड़ना है। निफ्ट ने देश के विभिन्न शिल्प क्षेत्रों जैसे वस्त्र, परिधान, जीवन–शैली एक्सेसरीज़ और लैदर क्षेत्र को सहयोग प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान की शिल्प क्लस्टर पहल अत्यंत सावधानीपूर्वक तैयार की गई है जिसका आशय शिल्प क्षेत्र का विकास करने के लिए डिजाइन, प्रौद्योगिकी, विपणन और प्रबंधन के क्षेत्रों में निफ्ट की पेशेवर क्षमताओं को शामिल करना है। इस पहल के माध्यम से निफ्ट शिल्प को फैशन के साथ जोड़ने के लिए व्यापक जागरूकता और संवेदनशीलता का सृजन करने में सफल रहा है। क्लस्टरों में शिल्पकारों को सहायता देने और उनके कौशलों को संवर्धित करने के लिए संकाय–सदस्यों, छात्रों और पूर्व–छात्रों के रूप में व्यापक संसाधन विद्यमान हैं। इस पहल ने शिल्प केन्द्रों के मध्य उत्साह का संचार किया है तथा यह युवाओं, उद्योग और उपभोक्ताओं के बीच अर्थपूर्ण संवाद को संपोषित करने में भी समर्थ रही है।

निफ्ट विज़न

''व्यावसायिक शिक्षा जिसमें सामाजिक और मानवीय मूल्यों के लिए चिंता का समावेश हो, के माध्यम से फैशन व्यवसाय के विकास को अति–सक्रियता के साथ उत्प्रेरित करते हुए उत्कृष्टता और अभिनवता के केन्द्र के रूप में उभरना।''

कार्यनीति

- फैशन व्यवसाय उद्योग और शिल्प क्षेत्र के साथ उनकी आवश्यकताओं तथा चुनौतियों के संबंध में नियमित रूप से मूल्यांकन करने के लिए नियमित परिचर्चा करना और स्थायी रूप से संवाद स्थापित करना।
- अनुसंधान, परामर्श तथा पाठ्यक्रम को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करते हुए उद्योग की आवश्यकता पर त्वरित और प्रभावी ढंग से कार्रवाई करना।
- आईएफएफटीआई जैसी पहलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय फैशन संस्थानों और व्यवसाय के साथ



संबंधों द्वारा निफ्ट को वैश्विक फैशन समुदाय के साथ एकीकृत करना।

- भारत को वैश्विक पटल पर लाने के लिए भारतीय डिजाइन संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करना।
- निफ्ट के कार्यकलापों में पूर्व–छात्रों को सक्रिय रूप से शामिल करना।

संगठनात्मक ढांचा

केन्द्र सरकार के समग्र मार्गदर्शन के अंतर्गत बोर्ड संस्थान के कार्यों के सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण के लिए उत्तरदायी है तथा यह उन समस्त शक्तियों को प्रयोग करता है जो इसे निफ्ट अधिनियम और इसकी संविधियों तथा अध्यादेशों द्वारा अन्यथा उपबंधित नहीं की गई हैं। बोर्ड के पास सिनेट के कार्यों की समीक्षा करने की शक्तियां हैं।

संस्थान के प्राधिकारी इस प्रकार हैं :

क. बोर्ड ऑफ गवर्नर्स

ख. सिनेट

ग. ऐसे अन्य प्राधिकारी जो संविधियों द्वारा संस्थान के प्राधिकारी बनाए जाने के लिए घोषित किए जाएं अर्थात् –

i. स्थापना समिति;

ii. वित्त और लेखापरीक्षा समिति; और

iii. शैक्षणिक मामलों संबंधी समिति।

महानिदेशक संस्थान के प्रधान कार्यपालक अधिकारी हैं तथा वे संस्थान के समुचित प्रशासन के लिए तथा शिक्षण प्रदान करने और उसमें अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी हैं।

निफ्ट के बोर्ड ऑफ गर्वनर्स द्वारा पेश किया गया समग्र मार्गदर्शन शिक्षा के उच्च स्तर को कायम रखते हुए नैतिक मूल्यों को बनाने और संगठनात्मक संस्कृति के निर्माण में सहायता करता है । संस्थान के प्रशासन संबंधी रोजमर्रा के कार्यों को सम्पन्न करने का उत्तरदायित्व निफ्ट के महानिदेशक को सौंपा गया है ।

निफ्ट निम्नलिखित डिग्री कार्यक्रम संचालित करता है:

स्नातक पूर्व डिग्रियां – स्नातक कार्यक्रम (4 वर्ष)

बी. डेस – डिजाइन स्नातक

विशेषज्ञता :

एक्सेसरी डिजाइन

फैशन संप्रेषण

फैशन डिजाइन

निटवीयर डिजाइन

लैदर डिजाइन

टेक्सटाइल डिजाइन

बी.एफ. टेक : फैशन टेक्नॉलाजी स्नातक

- परिधान उत्पादन

स्नातकोत्तर डिग्रिया : निष्णात कार्यक्रम (2 वर्ष)

- डिजाइन निष्णात – एम.डेस
- फैशन प्रबध निष्णात – एम.एफ.एम.
- फैशन टेक्नॉलाजी निष्णात – एम.एफ. टेक

शैक्षणिक विस्तार

- वर्ष के दौरान, 4 नए पाठ्यक्रम जोड़े गए: 2 पटना कैम्पस में और 2 भुवनेश्वर कैम्पस में।
- 2015 की प्रवेश–प्रक्रिया में, 3197 सीटें भरी गई थीं, जिनमें से 2742 सीटें स्नातकपूर्व/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भरी गईं।
- 2016 की प्रवेश–प्रक्रिया में, निफ्ट स्नातकपूर्व/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 3267 सीटें भरने का लक्ष्य रखता है जिससे निफ्ट के छात्रों की कुल संख्या 9404 हो जाएगी।

उद्योग के साथ संबंध

निफ्ट ने वस्त्र, परिधान, जीवन–शैली एक्सेसरीज, लैदर, निटवीयर और संचार उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों को योगदान देने में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करना जारी रखा है। यह भारत में एक उदयीमान व्यवसाय के रूप में फैशन के बारे में व्यापक जागरूकता का सृजन करने में सफल रहा है। निफ्ट के पूर्व छात्रों ने व्यावसायिक क्षेत्र में युवा स्नातकों को सहायता प्रदान करने के लिए अपने एक सुदृढ़ नेटवर्क के साथ–साथ फैशन उद्योग में शीर्षस्थ पदों पर आसीन होकर स्वयं के लिए उत्कृष्ट मुकाम हासिल किया है।

निफ्ट कैंपस प्लेसमेंट 2015 की प्रक्रिया 11 कैंपसों में संचालित की गई। कुल 421 कंपनियों ने इसके लिए स्वयं को पंजीकृत किया तथा विभिन्न कार्यक्रमों/कैंपसों में 1985 रिक्त पदों की पेशकश की।

परामर्शी परियोजनाएं

निफ्ट विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों के साथ परामर्शी परियोजनाएं संचालित करता है जिसके फलस्वरूप संकाय–सदस्यों को व्यापक अनुभव तथा छात्रों को शिक्षण संबंधी अनुभव प्राप्त होता है। यह तकनीकी कौशलों का उन्नयन करते हुए विभिन्न हितधारकों को लाभान्वित करता है तथा डिजाइन वैल्यू में भी संवृद्धि करता है। निफ्ट द्वारा हाल ही में संचालित 50 लाख रु. से अधिक के मूल्य की कुछ प्रमुख परामर्शी परियोजनाएं इस प्रकार हैं:

- खादी बोर्ड, बिहार सरकार के लिए बिहार खादी में व्यापक डिजाइन संबंधी हस्तक्षेप, अवस्थिति और उसकी ब्रैडिंग।
- कर्नाटक राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, कर्नाटक सरकार के लिए एकीकृत उत्पाद मैपिंग, डिजाइन हस्तक्षेप, उत्पाद वैविध्यीकरण और विकास, प्रशिक्षण और विपणन क्रियाकलापों के माध्यम से के.एस.के. एवं वीआईबी ब्रैंड का सुदृढ़ीकरण।
- जोधपुर मेगा क्लस्टर ऑफ डीसी (हस्तशिल्प) के लिए व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर स्कीम के अंतर्गत उत्पादन डिजाइन विकास और अभिनवता केन्द्र की स्थापना।
- राष्ट्रीय जूट बोर्ड के लिए जूट संबंधी एकीकृत कौशल उन्नयन, डिजाइन विकास और उत्पाद वैविध्यीकरण प्रशिक्षण।
- डीओएनईआर के लिए 4 प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- मध्य प्रदेश सरकार के लिए ग्वालियर में एक उष्मायन केन्द्र की स्थापना।
- वाणिज्यिक और उद्योग निदेशालय के लिए परिधान एक्सेसरी विकास और प्रबंधन कौशल।
- भागलपुर मेगा क्लस्टर परियोजना – वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

निफ्ट शैक्षणिक क्रियाकलापों में वैश्विक संदर्श को आत्मसात करता है। संस्थान के केन्द्रीय क्रियाकलापों ने इसकी अंतर्राष्ट्रीय पहचान और प्रतिष्ठा में संवृद्धि की है।

निफ्ट ने 31 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय फैशन संस्थानों और संगठनों के साथ करार और भागीदारियां की हैं जो समान शैक्षणिक अनुदेशों का अनुपालन करते हैं।

जिन संस्थानों के साथ निफ्ट ने संबंध स्थापित किए हैं, उनमें से कुछ प्रमुख संस्थान हैं – क्वीन्सलैंड यूनीवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलाजी (आस्ट्रेलिया), फैशन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी (एफआईटी), न्यूयार्क (यूएसए) डी मोंटफोर्ड यूनीवर्सिटी (यूके), स्विस टेक्सटाइल कॉलेज (स्विट्जरलैंड), मोडआर्ट इंटरनेशनल (फ्रांस), एनएबीए (इटली), स्कूल ऑफ आर्ट एंड डिजाइन, यूनीवर्सिटी ऑफ वोल्वर हैम्पटन (यूके), सैक्सियन यूनीवर्सिटी ऑफ आर्ट्स (नीदरलैंड्स), बीजीएमईए यूनीवर्सिटी ऑफ फैशन एंड टेक्नॉलाजी (बीयूएफटी), ढाका, रॉयल एकेडमी ऑफ आर्ट्स (नीदरलैंड्स) तथा अन्य।

छात्र विकास क्रियाकलाप

छात्र विकास कार्यक्रम

समस्त निफ्ट कैंपसों में छात्र विकास कार्यक्रम निफ्ट के छात्रों को शारीरिक, शैक्षणिक और कलात्मक क्षेत्रों में प्रतिभागिता करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु संचालित किए जाते हैं ताकि निफ्ट कैंपसों में उनकी शिक्षा को अधिक साकल्यवादी और पूर्ण बनाया जा सके। इन क्रियाकलापों में उनकी प्रतिभागिता उन्हें सामाजिक बनाने के साथ–साथ अध्ययन, आमोद–प्रमोद करने के मार्ग उपलब्ध कराने के साथ–साथ उनके शैक्षणिक अध्ययन को संपूरित करती है और सुगम बनाती है तथा साथ ही उन्हें दैनिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तरोताजा भी बनाती है।

फैशन स्पेक्ट्रम 2016

'फैशन स्पेक्ट्रम' निफ्ट का बहु–प्रतीक्षित वार्षिक उत्सव है जो सभी कैंपसों में आयोजित किया जाता है। इस समारोह में व्यापक रूप से सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक क्लब क्रियाकलापों का समावेश हुआ। इस समारोह का मुख्य आकर्षण विभिन्न क्रियाकलाप थे जिनमें शामिल थे – डिजाइन प्रतियोगिताएं, व्यक्तित्व विकास कार्यशालाएं, नुक्कड़ नाटक, वाद–विवाद, सांस्कृतिक प्रदर्शन, मैराथन और विभिन्न अन्य प्रतियोगिताएं। उद्योग के सदस्य, संकाय सदस्य, निफ्ट के छात्र तथा अन्य प्रतिष्ठित कॉलेजों के छात्र विभिन्न क्रियाकलापों में प्रतिभागिता करने के लिए इनमें शामिल हुए।

कंवर्ज 2015

कंवर्ज प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह में आयोजित कराई जाने वाली अंतरकैंपस सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिता है जिसका उद्देश्य है – छात्रों का चहुंमुखी साकल्यवादी विकास तथा विभिन्न निफ्ट कैंपसों के छात्रों को पास्परिक संपर्क का अवसर प्रदान करना। प्रत्येक निफ्ट कैंपस में किए जाने वाले प्रारंभिक चयन में यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक कैंपस की श्रेष्ठ प्रतिभाओं का मुकाबला इस प्रतिस्पर्धा में दूसरे कैंपसों के श्रेष्ठ छात्रों के साथ हो। कंवर्ज 15 का आयोजन निफ्ट, पटना में किया गया तथा समस्त निफ्ट कैंपसों के अनेक छात्रों ने अत्यंत जोश और उत्साह के साथ इसमें भाग लिया तथा इसे अत्यंत सफल बनाया। यह समारोह निफ्ट के विभिन्न कैंपसों के छात्रों के मध्य अपनी 'साझी संस्था' की भावना का सृजन करने की दिशा में एक प्रमुख कदम सिद्ध हुआ है। इस समारोह में 15 निफ्ट कैंपसों से 50–50 छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। निफ्ट पटना में सबसे अधिक पुरस्कार जीते जिसके उपरांत निफ्ट हैदराबाद का स्थान था।

अन्य क्रियाकलाप

समग्र साकल्यवादी विकास सुनिश्चित करने के लिए सभी कैंपसों के छात्रों ने निम्नलिखित एसडीए क्लबों द्वारा आयोजित अनेक क्रियाकलापों में भाग लिया : i. सांस्कृतिक क्लब; ii. साहित्यिक क्लब; iii. खेल, रोमांच और फोटोग्राफी क्लब (एसएपी); पअ. नयाचार, समाज सेवा और पर्यावरण (ईएसएसई) क्लब। इन क्रियाकलापों में प्रतिभागिता करने से छात्रों के शैक्षणिक अध्ययन को संपोषण और सहायता तो प्राप्त हुई ही, साथ ही उन्हें समाज से जुड़ने, आराम करने तथा तरोताजा होने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इन क्रियाकलापों में छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया क्योंकि इससे उन्हें उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित माध्यम प्राप्त हुआ था।

छात्र और संकाय सदस्य सभी कैंपसों में आयोजित किए गए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत संचालित किए गए स्वच्छता कार्यक्रम में भी शामिल हुए। चेन्नई कैंपस के छात्रों ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत रेलवे परिसर में चित्रकारी करते हुए चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया। छात्रों ने हिंदी दिवस तथा सतर्कता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के दौरान वाद–विवाद, पोस्टर निर्माण, लघु चित्रकला निर्माण, नारा लेखन प्रतियोगिताओं में अत्यंत जोश के साथ सहभागिता की। भुवनेश्वर कैंपस ने विभिन्न विषयों पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जैसे राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान, राष्ट्रीय एकता सप्ताह और सड़क सुरक्षा सप्ताह।

प्रत्येक कैंपस में बहु–सांस्कृतिक त्योहारों का आयोजन किया गया जैसे लोहड़ी, होली बैशाखी, दिवाली आदि। छात्रों ने समस्त कैंपसों में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के समारोह आयोजित किए। समाज के प्रति योगदान करने तथा जीवन रक्षा के कार्य में भागीदारी करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए गांधीनगर और हैदराबाद कैंपसों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए।

कैम्पस

बैंगलूरू

निफ्ट कैम्पस, नं. 21, 16वां क्रास स्ट्रीट,
27वां मेन रोड, सेक्टर–1,
एचएसआर (होसर सरजापुरा रोड) ले आउट,
बैंगलूरू –560102 (कर्नाटक)
फोन नं. (080) 22552550–55
फैक्स : (080) 25632566

भोपाल

निफ्ट कैम्पस, एम पी भोज (ओपन)
विश्वविद्यालय कैम्पस, कोलार रोड,
भोपाल–462016, मध्यप्रदेश
फोन नं. (0755) 2493636 / 736
फैक्स नं. (0755) 2493635

भुवनेश्वर

निफ्ट कैम्पस, आईडीसीओ प्लाट सं. 24,
केआईआईटी प्रबंधन स्कूल के सामने
चाँदका औद्योगिक एस्टेट
भुवनेश्वर–751014 उड़िसा
फोन नं. (0674) 2305700, 2305701
फैक्स : (0674) 2305710

चेन्नई

निफ्ट कैम्पस, राजीव गांधी सलाई तारामणी,
चेन्नई–600113 तमिलनाडू
फोन नं. (044) 22542759
फैक्स : (044) 22542769

गांधीनगर

निफ्ट कैम्पस, जी एच–ओ रोड
इंफो सिटी के पीछे, समीप डीएआईआईसीटी,
गांधीनगर–382007 गुजरात
फोन नं. (079) 23265000, 23240832, 23240834
फैक्स : (079) 23240772

हैदराबाद

निफ्ट कैम्पस, हाइटेक सिटी के सामने,
पोस्ट साइबराबाद, माधापुर, हैदराबाद–500081,
तेलंगाना
फोन नं. (040) 23110841 / 42 / 43, 23110630
फैक्स : (040) 23114536

जोधपुर

निफ्ट कैम्पस,
करवार
जोधपुर–342 037
राजस्थान, भारत

कांगड़ा

निफ्ट कैम्पस,
छिब, कांगड़ा–176001,
हिमाचल प्रदेश
फोन नं. (01892) 263872
फैक्स : (01892) 260872

कन्नूर

निफ्ट कैम्पस धर्मशाला,
मनगट्टपरम्बा कन्नूर–670562 (केरल)
फोन नं. (0497) 2784780–83
फैक्स : (0497) 2784785

कोलकाता

निफ्ट कैम्पस, प्लाट–3बी,
ब्लाक–एलए,
सैक्टर–3, साल्ट लेक सिटी,
कोलकाता–700098
पश्चिम बंगाल
फोन नं. (033) 23357332
फैक्स : (033) 23355734

मुम्बई

निफ्ट कैम्पस,
प्लाट नं. 15, सेक्टर–4, खारघर,
नवीं मुम्बई–410210, महाराष्ट्र
फोन नं. (022) 27745549, 27747000, 27747100
फैक्स : (022) 27745386

नई दिल्ली

निफ्ट कैम्पस, हौज खास गुलमोहर पार्क के पास
नई दिल्ली 110016
फोन नं. (011) 26867704, 26542148 / 49 / 59
फैक्स : (011) 26542151

पटना

निफ्ट कैम्पस,
मीठापुर फार्मस
पटना–800001,बिहार
फोन नं (0612) 2340032

रायबरेली

निफ्ट कैम्पस, दूरभाष नगर, सैक्टर–2
रायबरेली–229010, उत्तर प्रदेश
फोन नं. (0535) 2702422 / 31
फैक्स : (0535) 2702423 / 24 / 29

शिलांग

निफ्ट कैम्पस,
ओल्ड नेइगृम्स कैम्पस
सी–ब्लाक, पाश्चर हिल्स, लावमली
शिलांग–793001 मेघालय
फोन नं. (364) 2590240 / 253
फैक्स : (364) 2590676

श्रीनगर

निफ्ट कैम्पस,
सिडको इलैक्ट्रानिक कॉम्प्लैक्स
रंगरेथ, श्रीनगर–191132

फैशन डिजाइन

वर्ष 1987 में अपने प्रारंभ के बाद से ही फैशन डिजाइन निफ्ट का सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम रहा है। बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ इसकी पाठ्यचर्या निरंतर मजबूत हुई है, और इसने फैशन उद्योग में शिक्षण को प्रासंगिकता प्रदान की है तथा भारतीय और वैश्विक, दोनों ही परिदृश्यों पर डिजाइन में अपनी पहचान साबित की है। इसका चार वर्षीय पाठ्यक्रम सिद्धांत पक्ष के साथ अनेक घंटों का प्रक्रिया आधारित प्रयोगशाला अभ्यास; शिल्प क्लस्टरों के लिए पहलकदमों तथा उद्योग के अनुभव के लिए अनिवार्य आठ सप्ताह की इंटर्नशिप का सामंजस्य स्थापित करता है। विभाग क्रियाकलापों की एक वृहद श्रृंखला में सक्रिय रूप से शामिल रहता है जिनके माध्यम से अनुसंधान, सृजनात्मकता और वैयक्तिकता की एक गहन संस्कृति को संवर्धित किया जाता है। इसमें छात्रों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय फैशन रूझानों की जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ फैशन उद्योग के सभी पहलुओं में छात्रों को व्यापक अनुभव प्रदान कराना शामिल है। फैशन डिजाइन कार्यक्रम तेरह निफ्ट केन्द्रों में संचालित किया जाता है अर्थात बेंगलूर, भुवनेश्वर, चेन्नई, गांधी नगर, हैदराबाद, कांगड़ा, कोलकाता, कन्नूर, मुंबई, नई दिल्ली, पटना, रायबरेली, और शिलांग। विभाग निरंतर विकसित होते फैशन उद्योग में होने वाले परिवर्तनों के प्रति अत्यंत जागरूक रहता है तथा यह अपनी पाठ्यचर्या और शिक्षण प्रक्रिया को अद्यतन और अग्रदर्शी बनाए रखता है। ऐसा संकाय सदस्यों और छात्रों, दोनों ही के लिए विशेष व्याख्यानों, डिजाइन संगोष्ठियों, कारखाने के दौरों, विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन के माध्यम से किया जाता है। निरंतर विकसित होते फैशन उद्योग के साथ अपने संपर्कों के माध्यम से परिधान व्यवसाय को डिजाइन संबंधी हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी की दृष्टि से उन्नत इनपुट प्रदान करने के निरंतर प्रयास किए जाते हैं और इसके साथ ही पारस्परिक लाभप्रद व्यावसायिक संबंधों को अनुरक्षित करने और मजबूत बनाने के प्रयास भी किए जाते हैं। फैशन डिजाइन के स्नातक डिजाइनरों, उद्यमियों, डिजाइन प्रबंधकों, वाणिज्यिकों, फैशन समन्वयकों, डिजाइन परामर्शकों, शैलीकारों, फैशन और जीवन–शैली संवाददाताओं, दृश्य–प्रदर्शन विशेषज्ञों, परिधान डिजाइनरों तथा इलेस्ट्रेटरों के रूप में अपना कैरियर बनाते हैं। वे भारत के घरेलू और निर्यात क्षेत्रों में तथा वैश्विक बाजारों में भी अवसर प्राप्त करते हैं। फैशन डिजाइन के पूर्व छात्र आज उद्योग के अग्रेता हैं तथा वे पेशेवर तरीके से संचालित फैशन व्यापार का मार्गदर्शन कर रहे हैं और नियोजन एवं उद्यमवृत्ति के लिए नए अवसरों का सृजन कर रहे हैं।

कुल 13 फैशन डिजाइन विभागों में 72 प्राध्यापक सदस्य और 1352 छात्र हैं जिनका विवरण इस प्रकार है – द्वितीय वर्ष में 489 छात्र, तृतीय वर्ष में 460 छात्र और चतुर्थ वर्ष में 403 छात्र।

पत्र और लेख

राष्ट्रीय फोरम

पत्र

- सुश्री जी. साई संगुराई, चेन्नई ने एसएसएम कॉलेज, कोयमबत्तूर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''निटेड फैब्रिक्स की वर्तिका–क्षमता पर पॉलीस्टर क्रॉस सेक्शन का प्रभाव'' शीर्षक पर पत्र प्रस्तुत किया।

- वरिष्ठ प्रो. डा. बान्ही झा, दिल्ली ने भुवनेश्वर में दिसम्बर, 2015 में इंडियन सोशियोलॉजी सोसाइटी के सम्मेलन में ''संस्थागत संसाधन केन्द्र तथा डिजाइन शिक्षा''

पर एक पत्र प्रकाशित किया।

- डा. पूर्वा खुराना, दिल्ली ने राष्ट्रीय संगोष्ठी वस्त्र और परिधान उद्योग के लिए भविष्य की परिकल्पना में तेलिया रूमाल से पोचमपल्ली इकात – आंध्र प्रदेश के प्राचीन ज्यामितीय दोहरे इकात का पुररुत्थान पर प्रोस्टर प्रस्तुत किया, फाइबर 2 फैशन में तेलिया रूमाल : प्राचीन स्मृतिचिह्न से समसामायिक इकात, एनआईएससीएआईआर के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, इंडियन जर्नल ऑफ ट्रेडीशनल नॉलेज में आंध्र प्रदेश का तेलिया रूमाल, दोहरा इकात वस्त्र पर पत्र प्रस्तुत किया।

निफ्ट भुवनेश्वर में नवम्बर 2015 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फैशन, खुदरा और प्रबंध केस विचार–गोष्ठी में निम्नलिखित पत्र प्रस्तुत किए गए:

- डा. कृति ढोलकिया, गांधीनगर ने 'कच्छ कशीदाकारी के परिरक्षण, पुनरुद्धार और संवर्धन के लिए सांस्थानिक पहलकदम' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

- सुश्री श्रेशा, रायबरेली ने 'समुदाय निर्माण–अपनी शिल्पकला को जानें' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

- श्री टोनी शर्मा और सुश्री श्वेता राजन शर्मा, पटना ने 'इंडियन रूट्स.कॉम – भारतीय फैशन का संचयन और नेतृत्व' विषय पर मामला अध्ययन प्रस्तुत किया।

- सुश्री स्नेहा और श्री सतेन्द्र, पटना ने वर्ष 2013–14 के दौरान आयोजित समारोह में रामपुर, जिला–मुजफ्फरपुर, बिहार के लाख–चूड़ी शिप्लकारों पर डिजाइन क्लीनिक कार्यशाला के प्रभाव पर एक मामला अध्ययन प्रस्तुत किया।

पत्र, लेख और प्रस्तुतीकरण

अंतर्राष्ट्रीय फोरम

- वरिष्ठ प्रो. डा. बान्ही झा, दिल्ली ने ऑक्सफोर्ड, यू. के. में 'खादी डेनिम : फैशनिंग इंडियन आइडेंटिटी' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया तथा कोलंबों श्रीलंका में 'क्राफ्ट डिजाइन एजुकेशन के माध्यम से संघारणीय पहलकदमों का वर्णन' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

- डा. पूर्वा खुराना, दिल्ली ने मिलान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन – फैशन कोलोक्वीया में 'इकात : एक पारंपरिक वस्त्र उत्पादन से संघारणीय विकल्प की ओर रूपांतरण – नए आयाम' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

संचालित की गई परियोजनाएं

सरकार तथा उद्योग के लिए

फैशन डिजाइन विभाग द्वारा अनेक परियोजनाएं हाथ में ली गईं तथा उन्हें सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया, उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

बैंगलूरू

- खादी परियोजना – 2015–16 प्रो. कविता सलूजा, श्री सी.ए. रायन, श्री सुरेश बाबू, सुश्री राजलक्ष्मी राव, डा. मुरुगा जोथी।

- एनएमई – आईसीटी 2016 श्री सी.ए. रायन, पैटर्न ग्रेडिंग के लिए विषय विशेषज्ञ

- फ्लिपकार्ट 2016 श्री सी.ए. रायन

- 'विद्या – युवाओं और वयस्कों का एकीकृत विकास' – श्री सुरेश बाबू

भुवनेश्वर

- बोयनिका – निफ्ट फैशन शो 2015 – प्रो. मोनिका अग्रवाल

- ओडिशा पेवेलियन डिजाइन आईआईटीएफ – 2015, प्रगति मैदान, नई दिल्ली – प्रो. मोनिका अग्रवाल

- डीसी हस्तशिल्प परियोजनएं डीएमएपी ओई आईडीडीपी – प्रो. मोनिका अग्रवाल

चेन्नई

- पोर्गई एनजीओ द्वारा पोर्गई शिल्पकारों को प्रशिक्षण – सुश्री गीतिका रामास्वामी

- टीएएफई, ब्रिसबेन, आस्ट्रेलिया के छात्रों के लिए 'शिल्प क्षेत्र अध्ययन' – श्री विशाल गुप्ता और श्री भारत जैन

- 'गुजरात ऊर्जा विकास लिमिटेड की महिला कार्मिकों के लिए वर्दी डिजाइन' तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम निगम लिमिटेड के 'गैर–प्रबंधन कर्मकारों के लिए वर्दी डिजाइन – श्री विशाल गुप्ता।

- गुजरात राज्य हथकरघा और हस्तशिल्प निगम लिमिटेड, गुजरात सरकार के लिए परियोजना 'गुजरात के निरंतर कमजोर स्थिति में होते वस्त्र शिल्प पर पुस्तक लेखन – श्री विशाल गुप्ता

- इंडेक्स – सी, गुजरात सरकार के लिए बड़ौदा में शिल्प अभिनव पेवेलियन – श्री विकास गुप्ता और सुश्री पंचमी मिस्त्री।

- राष्ट्रीय शिल्प मेला और शिखर–सम्मेलन 2016 के लिए समन्वयक के रूप में कार्य किया – सुश्री जेपी कौर कोहली।

- गोंडिया जिला, महाराष्ट्र के बांस शिल्प के लिए डिजाइन विकास, गुणवत्ता संवर्धन और बाजार संपर्कों को स्थापित करना – श्री भारत जैन

कन्नूर

- एचआरडीए के लिए एनएमई–आईसीटी परियोजना – श्री मनुप्रसाद मैथ्यू

- केरल सामाजिक वानिकी प्रभाग के साथ केरल सरकार के वन विभाग के लिए वर्दी डिजाइन परियोजना – श्री मनुप्रसाद मैथ्यू

मुंबई

- इम्पैक्ट लिमिटेड के लिए तकनीकी और सॉफ्ट कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा एमएसएसआईडीसी के लिए महाराष्ट्र के विभिन्न शिल्पों डिजाइन हस्तक्षेप – सुश्री पैट्रीशिया सुमोद, सुश्री कुंडलता मिश्रा, सुश्री श्वेता जोशी और श्री श्रीपति भट्ट
- एमएसएसआईडीसी के लिए शिल्प जागरूकता सृजन हेतु परियोजना – श्री श्रीपति भट्ट
- महाराष्ट्र के शिल्पों के लिए कॉफी टेबल बुक के निर्माण तथा शिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट व्यक्तियों के लिए परिधानों का संग्रह विकसित करने के प्रयोजनार्थ एससीजैडसीसी के साथ परियोजना सुश्री पैट्रीशिया सुमोद

नई दिल्ली

- राष्ट्रीय हथकरघा एक्सपो 2016, रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास और विपणन सहकारी परिसंघ लिमिटेड के लिए फैशन शो आयोजित करने की परियोजना – डा. पूर्वा खुराना और सुश्री अनु जैन।
- जम्मू–कश्मीर हथकरघा द्वारा फिरन डिजाइन तथा दिल्ली सरकार की महिला रक्षक के लिए वर्दी डिजाइन की परियोजना – प्रो. डा. बान्ही झा और सुश्री अनुत्मा चक्रवर्ती

पटना

- लाख की चूड़ियों पर परियोजना, मुजफ्फरपुर

रायबरेली

- खादी और ग्रामोद्योग मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार के लिए अनुसंधान एवं विकास, डिजाइन संग्रहण तथा एक खाड़ी फैशन शो का आयोजन – डा. स्मृति यादव, श्री अयान तिवारी, श्री उज्ज्वल बनर्जी और सुश्री विद्या राकेश।
- लखनऊ मेट्रो रेल निगम के लिए कनिष्ठ अभियंता से एमडी स्तर के अधिकारियों के लिए वर्दियों का डिजाइन तथा सैंपल विकास – श्री अयान तिवारी और श्री एस.ए. वेंकटसुब्रामणियन।

शिलांग

- परिधान निर्माण, एक्सेसरी डिजाइन और प्रबंध कौशल – श्री एफ.डी. शंप्रू
- लेप्चा बुनाई परियोजना – माली, सिक्किम, मिजोरम परियोजना (जनजातीय मामले) तथा त्रिपुरा – बेंत और बांस परियोजना डिजाइन विकास और उत्पाद वैविध्यीकरण – सुश्री ए. दास
- राई–मोई (जनजातीय वस्त्र) तथा ब्लैक पोट्री में मेघालय वस्त्र शिल्प परियोजना – डिजाइन विकास और उत्पाद वैविध्यीकरण – सुश्री एम. ब्लाह
- दीमापुर और असम – डिजाइन विकास और उत्पाद वैविध्यीकरण – श्री आर. दास
- मेघालय चर्म बूट्स – डिजाइन विकास और उत्पाद वैविध्यीकरण – श्री ए. रभा।

छात्र प्रतिभागिता

प्रतिस्पर्धाएं और पुरस्कार

- समस्त कैंपसों के छात्रों ने देश और विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया तथा संस्थान के लिए ख्याति अर्जित की।

बैंगलूरू

- एफडी VI सेमेस्टर के छात्र श्री अखिल जोसफ ने थोनी गौरी लक्ष्मी के म्यूजिक एल्बम के लिए परिधान डिजाइन किए। उन्होंने इसके लिए फोटो शूट तथा स्टाइलिंग भी की।
- एफडी VI की छात्रा सुश्री श्वेता शर्म ने हिन्दी कविता पाठ, आईआईएमबी में द्वितीय पुरस्कार जीता।

भुवनेश्वर

- छात्रों ने निफ्ट – नन्डोज़ छात्रवृत्ति, घर और कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने के विषय पर पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता, कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह), टेक्सटाइल वॉल आर्ट डिजाइन प्रतियोगिता, डेनिम गैराज और लाइव प्रोटीगे प्रतियोगिता चुनौती, डीएलएफ इंपोरिया डिजाइन अवार्ड प्रतिस्पर्धा, वोग डिजाइन प्रतिस्पर्धा 2015 में भाग लिया।
- सुश्री साक्षी जैन ने आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन एंड डिजाइन, बेंगलूर में राष्ट्रीय स्तर की फैशन डिजाइन प्रतियोगिता (शरीसैलिस, 2015) में भाग लिया तथा द्वित्तीय पुरस्कार जीता।
- सुश्री अलंकृता श्रीवास्तव और सुश्री साक्षी जैन ने अधिकांश प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

चेन्नई

- सुश्री ओयिंड्रिला घोष, एफडी VIII ने दि एनामोर प्रेजेंट्स : लिंगरी डिजाइन कांटेस्ट में द्वितीय पुरस्कार जीता।
- सुश्री अमृता, सुश्री सिंथिया और सुश्री किर्तना आर., एफडी VII ने डिजाइन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता।
- सुश्री अपर्णा जयकुमार, एफडी VII ने राष्ट्रीय स्तर की छात्र फैशन डिजाइन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।

- सुश्री प्रेरणा नेगी, एफडी III को डिजाइन–सह–मॉडलिंग प्रतियोगिता में मिस ब्रीजी का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

- श्री राहुल टोप्पो, एफडी VI ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लिया।

कांगड़ा

- सुश्री गुंजन राय, एफडी VI, जो यू–डिजाइन त्रिवेणी प्रतियोगिता की फाइनलिस्ट थी, ने ए–डिजाइन अवार्ड में रजत पदक जीता तथा डीएलएफ इम्पोरियो प्रतियोगिता में भाग लिया।

- श्री हर्षिता श्रीवास्तव, एफडी VI विजेता – अंडर 25 डायरीज़ – श्रेणी दृश्य कला और डिजाइन।

मुंबई

- सुश्री लक्ष्यिता मालवीय, छात्रा सेमेस्टर V, एफडी–मुंबई क्राफ्टसविला–फेमिना एथनिक वीयर प्रतियोगिता के दूसरे दौर के लिए चुनी गई।

- श्री तुषार कुमार झा दक्षिण एशियाई खोलों की लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के दूसरे चक्र के लिए चुने गए तथा उन्होंने अपने योगदान के लिए सराहना प्राप्त की।

- सुश्री अंशिका ने स्टुडेंट डिजाइनर ऑफ दि ईयर के लिए सीएमएआई एपेक्स पुरस्कार जीता तथा श्री रजनीश रंजन को भी शीर्ष 3 प्रविष्टियों के लिए चुना गया।

- श्री एन. थॉमस, श्री अमित कुमार टेटे और श्री तुषार झा ने मैक्स प्रतियोगिता में पुरस्कार जीते तथा उनके डिजाइन ऐले पत्रिका के फोटोशूट के लिए चुने गए।

- V सेमेस्टर की छात्राओं सुश्री, इला, सुश्री स्वर्णा और सुश्री आकृति का चयन मूड–इंडिगो प्रतियोगिता के लिए किया गया।

- छात्रों ने आदित्य बिरला ग्रुप द्वारा आयोजित लीवा प्रोटेगी प्रतियोगिता, मैक्स प्रतियोगिता, वोग ऑनर्स प्रतियोगिता, टेक्सटाइल वॉलआर्ट प्रतियोगिता, लेनोवो गेमिंग वीक कॉस्प्ले 2015, एअर फ्रांस प्रतियोगिता, एसडीसी प्रतियोगिता, आर्ट्स ऑफ फैशन प्रतियोगिता तथा सोसाइटी ऑफ डायर्स एंड कलरिस्ट्स द्वारा आयोजित 'डू दि डेनिम' प्रतियोगिता में भाग लिया।

पटना

- श्री रॉबिन रॉय, एफडी IV ने राष्ट्रीय स्तर की डिजाइन प्रतियोगिता 'डू दि डेनिम प्रतियोगिता 2016' जीती।

- श्री सलमान अहमद, श्री प्रवीन कुमार, सुश्री ऐश्वर्या सिन्हा, श्री एनयातुल्ला अनवर और सुश्री प्रेरणा पटेल, एफडी VIII का चयन एफडीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता के लिए किया, उनकी प्रविष्टियों को लेक्मे फैशन वीक 2016 के दौरान एक प्रदर्शनी में दर्शाया गया।

- श्री शौर्य कपूर, सुश्री अंजलि श्री तथा सुश्री संस्कृति जैन, एफडी ट का चयन नंदन डेनिम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की डिजाइन प्रतियोगिता के लिए किया गया।

- छात्रों ने फेमिना क्राफ्ट्स विला प्रतियोगिता, वोग ऑनर्स 2015, निबंध प्रतियोगिता, एअर फ्रांस मनीष अरोड़ा प्रतियोगिता, त्रिवेणी यू–डिजाइन प्रतियोगिता, लिवा प्रोटीगे, रामनारायण बद्रीदास, पेपर मिल कंपनी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता, वर्ल्ड ऑफ वीयरेबल आर्ट 2016 में भाग लिया।

रायबरेली

- सुश्री शेरी खन्ना, एफडी VI डीएलएफ एंपोरियो डिजाइन अवार्ड्स में पीपल्स चॉयस अवार्ड की विजेता रहीं।

शिलांग

- सुश्री मणिका प्रताप पाठक, एफडी VI निफ्ट–नंदोज़ छात्रवृत्ति 2015 के लिए चुनी गईं।

- सुश्री दीप्ताश्री मंडल, एफडी VII तथा श्री अन्वेथ

थोगरू, एफडी V का चयन त्रिवेणी : यू–डिजाइन प्रतियोगिता के लिए किया गया। सुश्री दीप्ताश्री मंडल ने 'सर्वाधिक अभिनव संग्रहण' श्रेणी में पुरस्कार जीता।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

विनिमय और ट्विनिंग कार्यक्रम

जुलाई–दिसम्बर, 2015

- सुश्री वैष्णवी भट्ट, मंबई, श्री उत्कर्ष, नई दिल्ली एक वर्ष के विनिमय कार्यक्रम के लिए एफआईटी विश्वविद्यालय, न्यूयार्क गए।
- सुश्री सकीना नौरीन अशरफ, कन्नूर सेमेस्टर विनिमय कार्यक्रम के लिए पोलीटेक्नीको डि मिलानो, इटली गईं।

जनवरी–जून, 2016

- सुश्री चंतल, बैंगलूरू और सुश्री श्रृष्टि वर्मा, दिल्ली एएमएफआई, नीदरलैंड्स में सेमेस्टर विनिमय कार्यक्रम में भाग ले रही हैं।
- सुश्री सुरभि राजीवन, कन्नूर, सुश्री मेतिलदा थॉमस, कन्नूर सुश्री स्मृति स्वामीनार्थन, मुंबई, सुश्री दीपिका बैंगलूरू सेमेस्टर VI के लिए सेमेस्टर विनिमय के लिए क्वींसलैंड यूनीवर्सिटी गईं।
- सुश्री निहारिका कुमार, मुंबई सेमेस्टर विनियम के लिए एनएबीए यूनीवर्सिटी गईं।
- सुश्री स्पन्दिता मलिक, दिल्ली ईएनएसएआईटी, फ्रांस में सेमेस्टर विनिमय कार्यक्रम में भाग ले रही हैं।
- सुश्री लूसी, सुश्री लूइस, सुश्री ग्वालडिस और श्री लियो क्रोस्टे ईएसएआईटी, फ्रांस से सेमेस्टर विनिमय के लिए नई दिल्ली आए।
- सुश्री फातिमातुजोहरा और श्री मोहम्मद अली, बीयूएफटी बांग्लादेश सेमेस्टर विनियम के लिए नई दिल्ली आए।

प्राध्यापक प्रतिभागिता

राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय यात्राएं और बातचीत

नवीनतम भ्रान्तियों से स्वयं को अवगत बनाए रखने के लिए, प्राध्यापक सदस्य राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनियों और मेलों का दौरा करते हैं। इन आयोजनों में से कुछ इस प्रकार हैं जिनका दौरा प्राध्यापक सदस्यों द्वरा किया गया, वस्त्र प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी, अमेजन फैशन वीक, अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प उपहार मेला, 2016, गेलेरिया इंटिमा 2015, सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला, भारत कला मेला और भारत डिजाइन मेला, नई दिल्ली। लेक्मे फैशन वीक (एलएफडब्ल्यू) इंडिया फैशन फोरम, 2016, सीएमएआई एपेक्स अवार्ड समारोह, पारंपरिक कारीगर प्रदर्शनी, साड़ियों की प्रदर्शनी के लिए शिल्पकार गैलरी, ''ऑफ दि कश्मीर लूम'', मेक इन इंडिया प्रदर्शनी, फिनाले ऑफ मैक्स डिजाइन अवार्ड, हैंडलूम डिजाइन कलेक्शन, 2016 मुंबई में आयोजित। गोवा में इंडिया बीच फैशन वीक (आईबीडब्ल्यूएफ)। कालाघोडा आर्ट्स फेस्टिवल। कर्नाटक व्यापार संवर्धन संगठन (केटीपीओ), खादी उत्सव, बैंगलूरू। मेफेयर में परिधान मेला, राष्ट्रीय स्तर का कला शिविर ललितकता अकादमी क्षेत्रीय केन्द्र, राष्ट्रीय जनजातीय शिल्प मेला, राष्ट्रीय फिल्म समारोह कला एवं कलाकार, जेडी सेंटर ऑफ आर्ट्स, आदिवासी मेला, भुवनेश्वर। थांगका पेंटिंग धर्मशाला के लिए नोरबुलिंग्का संस्थान, बरगाह और पुरी में इक्कत बुनाई और कॅयर तथा जूट क्राफ्ट उत्पाद विकास पर कार्यशाला। जीआरटी महालक्ष्मी विद्यालय में कैरियर मेला, तमिलनाडु सरकार द्वारा ग्लोबल इंवेस्टर मीट में फैशन शो, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह, हस्त कारीगर प्रदर्शनी, चेन्नई में टोनी एंड गाई द्वारा एशेंसिअल्स के उद्घाटन के लिए फैशन शो, को–ऑप्टेक्स, एगमोर में पूर्वोत्तर शिल्प प्रदर्शनी। वार्षिक आईपी समिट 2016, जुकी सिलाई मशीन के उत्पादों की अहमदाबाद में प्रदर्शनी। सोलो पेंटिंग प्रदर्शनी 'दि वॉल' कोच्चि। शिलांग में पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत विद्युत–करघा क्षेत्र के विकास के लिए स्कीमों और पहलों पर संगोष्ठी, लुक ईस्ट, स्वदेशी टेरा मैड्रे कार्यक्रम।

वाईडीएफ (युवा विकास प्रतिष्ठान), भूटान के माध्यम से प्रस्तावित, भूटान में एक सृजनात्मक कला और डिजाइन विद्यालय खोलने के लिए प्रस्ताव का अध्ययन करने के लिए स्थिति का विश्लेषण करने के प्रयोजनार्थ वरिष्ठ प्रो. डॉ. बान्ही झा तथा सुश्री नयनिका ठाकुर मेहता द्वारा भूटान की यात्रा की गई।

प्राध्यापक प्रशिक्षण

कार्यशालाएं और टीओटी

पैटर्न मेकिंग, एक्सेल के माध्यम से भारतीय शिल्प डिजाइन विकास के संदर्भ में प्रिंट विकास, अनुसंधान पेपर लेखन और मुद्रण, सृजनात्मक पैटर्न निर्माण, अनुसंधान क्रियाविधिः औद्योगिक और अनुसंधान कार्य, एडोब इलस्ट्रेटर, डिजाइन अवयव, शिल्प प्रक्रियाओं और परंपराओं के लिए उपकरण पर टीओटी में विभाग के 24 प्राध्यापक सदस्यों ने भाग लिया।

संगोष्ठियां और कार्यशालाएं

पूर्व–छात्रों तथा उद्योग द्वारा

- बैंगलूरू ने कोरल ड्रा तथा डिजाइन कलेक्शन पर संपर्क सत्र का प्रयोग करते हुए संगोष्ठी आयोजित की।
- भुवनेश्वर ने श्री दीनानाथ पाथी और श्री जितेन्द्र

कुमार नायक द्वारा क्राफ्ट क्लस्टर प्रलेखन, श्री क्रिश्चियन रेंमड द्वारा शिल्प उत्पादों, श्री इंद्रजीत वैकॉम द्वारा डिजिटल टैब्लेट तथा श्री जुगाल देबारा द्वारा मेकअप एंड स्टाइलिंग और फोटोग्राफी पर कार्यशालाएं आयोजित की।

- भुवनेश्वर के मिल्क डिजाइन, संबलपुर, की मालिक सुश्री स्मृति अग्रवाल, रूरी 4 ब्रैंड की मालिक सुश्री ऋतिका हालन, डीजीएम डिजाइन, आदित्य बिरला ग्रुप की सुश्री नेहा (निफ्ट की पूर्व–छात्राएं) द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया।

- गांधीनगर ने श्री जल्प लखिया, श्री तिमोथी क्रोफ्टमैन, मासे यूनीवर्सिटी द्वारा क्राफ्ट डॉकुमेंटेशन पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया।

- कांगड़ा ने श्री अनुज शर्मा, संस्थापक बटन मसाला, सुश्री क्रेमिना फर्नांडीज द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया।

- कांगड़ा ने बटन मसाला पर एक कार्यशाला का आयोजन किया यह केवल बटनों और रबड़ बैंड का प्रयोग करते हुए वस्त्र तैयार करने की एक विशिष्ट संयोजन तकनीक है।

- मुंबई ने श्री रजनीकांत और श्री तनवीर खान द्वारा जरी और आरी कशीदाकारी पर, पारंपरिक कारीगरों द्वारा बनारसी बुनाई, फुलकारी, सूफ कशीदाकारी और चिकनकारी पर कार्यशाला संचालित की गई, सुश्री रुग्मणि द्वारा अपशिष्ट सामग्री का प्रयोग करते हुए संधारणीय उत्पाद विकास पर श्री समीर द्वारा टाई एंड डाई पर तथा डा. एला दहिया द्वारा क्रॉफ्ट डॉक्युमेंटेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- रायबरेली ने श्री धर्मेन्द्र कुमार, सुश्री जया श्री, सुश्री सौम्या विष्ट और श्री जेम्स फरेरा द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया।

- शिलांग ने सुश्री अन्ना लोउ मेनेल तथा श्री प्रशांत घोष द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया।

- नई दिल्ली ने सुश्री आकांक्षा नंदा द्वारा स्टिचिंग ऑफ बेसिक लिंगरी एंड स्टाइलिंग पर कार्यशाला का और श्री दीपक चक्रवर्ती द्वारा वीजुअल मर्कें डाइजिंग पर तथा श्री विजय सिंह बांसला द्वारा ईडीपी पर व्याख्यन का आयोजन किया।

पहलकदम

और समझौता ज्ञापन

- मैसर्स अरविंद लिमिटेड तथा निफ्ट बैंगलूरू ने शिक्षण के क्षेत्र में सहयोग का करार किया।

- टीएएफई क्वींसलैड यूनीवर्सिटी, आस्ट्रेलिया तथा निफ्ट ने श्री विशाल गुप्ता और श्री भारत जैन, गांधीनगर द्वारा समझौता–ज्ञापन की कार्रवाई प्रारंभ की।

- इंपैक्ट लिमिटेड तथा निफ्ट मुंबई ने कशीदाकारी में त्रुटियों के लिए प्रस्तुतीकरण और पाठ्यचर्या विकसित करने, कशीदाकारी, छपाई और सुइयों के कौशल को कशीदाकारी निर्यात गृहों में विभिन्न शिल्पियों को सौंपने के लिए एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- एससीजैडसीसी और निफ्ट मुंबई ने महाराष्ट्र के शिल्प के लिए एक कॉफी टेबल बुक तैयार करने तथा शिल्प के संवर्धन के लिए विशिष्ट व्यक्तियों के लिए परिधानों का संग्रह विकसित करने के लिए समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

आरंभ और पूर्ण की गई

पीएच.डी.

पीएच.डी. पूर्ण की गई

- डा. पूर्वा खुराना, दिल्ली ने अपनी पीएच.डी. पूर्ण की

पीएच.डी. आरंभ की गई

निफ्ट से

- प्रो. मोनिका गुप्ता, दिल्ली, प्रो. वंदिता सेठ गांधीनगर, प्रो. मालिनी डी., हैदराबाद, सुश्री राकेश विद्या, रायबरेली और सुश्री प्रमिता सरकार, कांगड़ा निफ्ट से अपनी पीएच. डी पूर्ण कर रहे हैं।

अन्य संस्थानों से

प्रो. मोनिका अग्रवाल और सुश्री दर्निया रॉय, भुवनेश्वर, सुश्री जी.साई संगुरई, सुश्री सी. सीता और सुश्री सीमा कुमार, चेन्नई, सुश्री कुंडलता मिश्रा और सुश्री पैट्राशिया सुमोद, मुंबई, सुश्री जेपजी कौर कोहली और श्री भारत जैन, गांधीनगर श्री ओम सूर्या, कन्नूर और प्रो. रीनित सिंह, निफ्ट, कोलकाता, श्री सत्येन्द्र कुमार मिश्रा, पटना अन्य विश्वविद्यालयों से अपना पीएच.डी. अध्ययन कर रहे हैं।

छात्र प्रतिभागिता

शिक्षणोत्तर क्रियाकलाप

फैशन स्पेक्ट्रम, कंवर्ज और निफ्ट फैशन ओलम्पियाड निफ्ट के वार्षिक समारोह हैं जिनमें समस्त कैंपसों से छात्र सक्रिय रूप से भाग लेते हैं तथा पुरस्कार जीतते है। सभी निफ्ट कैंपसों में आयोजित किए जाने वाले अन्य समारोह हैं – फ्रेशर्स पार्टी, हिंदी दिवस, शिल्प मेला, स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण और सरस्वती पूजा।

कुछ ऐसे समारोह जहां केन्द्रों के छात्र निफ्ट के बाहर प्रतिभागिता करते हैं – आईआईटी (अन्वेष 16) फैशन शो, पटना; अपशिष्ट प्रबंधन तथा शहरी जीवन के साथ इसके एकीकरण पर कार्यशाला, चेन्नई; आईआईटी मंडी वार्षिक फेस्ट, कांगड़ा; लैक्मे फैशन वीक–2015, मुंबई।

सीईपी और

अल्पकालिक कार्यक्रम

पिछले वर्ष के दौरान निम्नलिखित सतत् शिक्षा कार्यक्रम संचालित किए गए –

दो वर्षीय कार्यक्रम

निफ्ट मुंबई में फैशन फिट एंड स्टाइल

एक वर्षीय कार्यक्रम

एक प्राचीनतम कार्यक्रम फैशन क्लोडिंग टेक्नॉलाजी (एफसीटी) निफ्ट के विभिन्न केन्द्रों में संचालित किया गया जैसे बैंगलूरू, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, नई दिल्ली और पटना। निफ्ट गांधीनगर और नई दिल्ली में फैशन इंटीग्रेशन फॉर एपेरल (एफआईएटी)। हैदराबाद में इंडियन फैशन एपेरल एंड बूटीक मैनेजमेंट (आईएफएबीएम)।

अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी संचालित किए गए जैसे रायबरेली में फैशन बूटीक एंड ड्रेस डिजाइनिंग, भुवनेश्वर में वेस्टर्न स्टाइल इंब्रॉयडरी एंड ओरिएंटेशन टु डिजाइन एंड इलस्ट्रेशन तथा नई दिल्ली में ड्रेपिंग फॉर ड्रेसेज़।

क्राफ्ट क्लस्टर

पहलकदम

फैशन डिजाइन विभाग के IV सेमेस्टर के प्रत्येक छात्र ने पाठ्यचर्या के भाग के रूप में मई–जुलाई, 2015 के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में क्राफ्ट क्लस्टर नैदानिक अध्ययन संचालित किया। निम्नलिखित क्षेत्रों के शिल्प का अध्ययन किया गया। बैंगलूरू ने कर्नाटक के कोल्लार जिले में 'चिंतामणि' का अध्ययन किया।

- बैंगलूरू ने कोल्लार जिला कर्नाटक में 'चिंतामणि' का अध्ययन किया।
- भुवनेश्वर ने सोनपुर और बौध में 'हथकरघा संबलपुर' साखीगोपाल और सतसंख में 'कॅयर और जूट' ढेंकनाल सदेबेरेनी में 'घोकरा और जनजातीय आभूषण,' गोपालपुर और फकीरपुर में 'तुसार' तथा केन्द्रपाडा और जगतसिंहपुर में 'गोल्डन ग्रास' का अध्ययन किया।
- चेन्नई ने 'राबरी कशीदाकारी, कच्छ, कमलकारी माता नी पचेदी, अहीर कशीदाकारी, कच्छ, आरी कशीदाकारी राघनपुर, पाटन और अहमदाबाद, पक्को टाको – कच्छ, एप्लीक कशीदाकारी – जामनगर, एप्लीक और पैचवर्क – कच्छ तथा रोगन – कच्छ का अध्ययन किया।
- कांगड़ा ने राजस्थान (जोधपुर) के शिल्प, दाबू पेंटिंग, हिमाचल प्रदेश (लाहौल), वधू, वेशभूषा, पंजाब (लुधियाना, जालंधर, अमृतसर, भटिंडा), कुलकारी, दरी, जूती, गुडिया, बर्तन आदि का अध्ययन किया।
- कोलकाता ने कूच बिहार में 'सीतल पती', ननूर में 'कांथा' कुशमंडी में 'वुडन डॉल/मास्क', पूरूलिया में 'मुखोस चरीदा' तथा पांचमूरा में 'टेरा कोटा' का अध्ययन किया।
- नई दिल्ली ने बनारस में 'बनारस बुनाई' का अध्ययन किया।
- पटना ने मुजफ्फरपुर, बिहार में 'लाख की चूड़ियों' का अध्ययन किया।
- रायबरेली ने लखनऊ में 'चिकनकारी', बरेली (उ.प्र) में 'जरदोजी' और गुजरात में 'कच्छ कशीदाकारी' का अध्ययन किया।
- मुंबई ने भंडारा के कोसा सिल्क, सिंधुदुर्ग के कॅयर, कोल्हापुर की कोल्हापुरी चप्पलों तथा दहानू/पाल्धार की वार्ली का अध्ययन किया।
- शिलांग ने अरूणाचल प्रदेश में तारे, गले वीविंग, बाका वीविंग, असम में 'मेखला वीविंग', मिजोरम में 'पुआन वीविंग'

तथा त्रिपुरा में 'वीविंग रिसा रिनई' का अध्ययन किया।

उद्योग के साथ संपर्क

दौरे और छात्र इंटर्नशिप

इंटर्नशिप

प्रत्येक वर्ष मई–जुलाई के माहों के दौरान 8 सप्ताह की अवधि की इंटर्नशिप की जाती है।

ये इंटर्नशिप अनेक कंपनियों के साथ आयोजित की गई, जैसे जिनी एंड जॉनी, सहारा गार्मेंट्स प्रा.लि., लीमेक्स, ओरिएंट क्लोडिंग, रिलायंस ट्रेंड्स लिमिटेड, भारतीय फैशनस गौरव इंटरनेशनल्स, नोरवेस्ट इंडस्ट्री लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड, सार्तो बीस्पोक टेलरिंग प्राइवेट लिमिटेड, टीएमजी फैशन लि. बुडलैंड, स्वारोवस्की, वाइल्ड क्राफ्ट, क्यूरीसिटी, यूएनआई स्टाइल, मार्क इम्पेक्स, टेजेरीन, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, आडिगेयर इंटरनेशनल, ट्रांसेक्ट इंडिया एक्सपोर्ट्स, डीएसजीएन फैशन प्राइवेट लिमिटेड, आदित्य दुगर, कैमिस्ट्री, क्रिएटिव इम्पेक्स, फ्रैक्टल, स्पाइकर लाइफस्टाइल्स प्रा.लि, क्रिएटिव गार्मेंट्स, मोडेलामा एक्सपोर्ट्स, वीके फैशनस, सिल्वर स्पार्क एपेरल लि., आईटीसी लि.,शांतनु निखिल, देवनिल, अरविंद लाइफस्टाइल ब्रैड्स लिमिटेड, ऑथेंटिसिटी, बोडाइस, गौरव इंटरनेशनल हम्न डिजाइनर्स, इंडस लीग्स, पैसेफिक ब्रैंड्स, शाही एक्सपोर्ट्स, यूनाइटेड कलर्स ऑफ बेनेटन, महिन्द्रा रिटेल प्रा.लि., बिरला सेलुलोज़ प्रा.लि., गोल्डनसीम टेक्सटाइल्स प्रा. लि., आईएमए (इंडियन बाई मनीष अरोड़ा) क्लोडिंग प्रा.लि., बीबा एपेरल्स प्रा.लि., बंधेज, अपर्णा पटेल, फैब इंडिछया, एएम साइनेर्जी, किड्स स्टेडियो, बांसवाड़ा सिंटेक्स, गोकुलदास इमेज़ेज, रेमंड्स, मदुरा, एफएंडएलए, रॉयल इन फील्ड, शांतनु एंड निखिल, राज्का डिजाइनर्स – कैरी, अरविंद मिल्स, मैम आर्ट्स, आवादत एपेरल्स, ओरिएंट फैशंस, शाही एक्सपोर्ट्स, माल्गो एक्सपोर्ट्स, बेवक्रफ ब्रैंड्स, मनोवीराज खोसला, लैंडमार्ग ग्रुप, मैक्स फैशन ओरिएंट फैशनस एंड राजदीप राणावत – डिजाइनर्स ओरिएंट क्राफ्ट लि., बिरला सेल्युलोज, आईआई इंस्पेक्शन एंड एक्सपोर्ट प्रा.लि., स्टेटस क्वो, वेस्टलैस, बिरला एक्सपोर्ट्स प्रा.लि., एंट्रोफी डिजाइन, नीते क्लोडिंग प्रा.लि., इन स्टाइल एक्सपोर्ट हाउस, नार्थ वेस्ट इंडस्ट्रीज लि. सैम स्टिच और कई अन्य।

स्नातक परियोजना

डिजाइन संग्रहण

डिजाइन संग्रहण विभिन्न इनपुटों की पराकाष्ठा है जिसमें 7 से अधिक सेमेस्टर अंतर्निहित हैं तथा इसकी विषय–वस्तु सृजनात्मक अनुभव और जागरूकता से लेकर तकनीकी विशेषज्ञता तक विस्तृत है। फैशन डिजाइन सेमेस्टर VIII के छात्र पांच से लेकर सात संग्रहणों को डिजाइन करते हैं जो उपयुक्त रूप से एक्सेसरीकृत होते हैं। 403 छात्रों ने इस वर्ष 11 निफ्ट केन्द्रों से अपने डिजाइन कलेक्शन को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

स्नातक समारोह

प्रदर्शनी

स्नातक शो 'फैशनोवा 2015' फैशन डिजाइन 2011–2015 के अंतिम संग्रहण की प्रदर्शनी है। आयोजित किए गए विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में फैशनल जगत, उद्योग से गण्यमान्य व्यक्ति तथा निफ्ट छात्रों के अभिभावक शामिल हुए जिन्होंने छात्रों द्वारा प्रदर्शित किए गए संग्रहणों की प्रशंसा की।

स्नातक समारोह

दीक्षांत–समारोह

''11 निफ्ट केन्द्रों में दीक्षांत समारोह विभिन्न शहरों में मई और जून, 2015 माह में आयोजित किए गए। छात्रों को डिग्रियां वितरित की गईं। छात्रों को डिग्रियां प्रदान करने के लिए देश के विभिन्न भागों से अनेक प्रतिष्ठित अतिथियों को आमंत्रित किया गया था।

लैदर डिजाइन



निफ्ट में लैदर डिजाइन कार्यक्रम फैशन, फुटवीयर और एक्सेसरीज़ उद्योग के संदर्भ में अपनी संरचना और अनुप्रयोग में विशिष्ट है। यह उद्योग की आवश्यकताओं के भीतर डिजाइन संदर्श के एकीकरण पर ध्यान केन्द्रित करता है।

इस विभाग की स्थापना 1993 में नई दिल्ली में की गई थी तथा इसमें प्रारंभ में लैदर गार्मेंट्स पर ही ध्यान केन्द्रित किया गया था। उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तथा बदलते हुए समय के साथ विभाग की प्रकृति का भी तद्नुसार विकास करने के लिए हमने अपने चार केन्द्रों चेन्नई, कोलकाता, नई दिल्ली और रायबरेली में फैशन गुड्स, व्यक्तिगत जीवन–शैली एक्सेसरीज़ और फुटवीयर के क्षेत्रों को भी इसमें शामिल किया है।

यह पाठयक्रम लक्षित बाज़ार की विशिष्ट आवश्यकताओं के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त करने की दृष्टि से भौतिक जानकारी के साथ डिजाइन अवधारणाओं के एकीकरण पर बल प्रदान करता है। इस पाठ्यक्रम की संरचना उच्च मानकों तथा भारतीय लैदर उद्योग की मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं की ओर केन्द्रित है जिसका लक्ष्य व्यावहारिक व्यवसायियों का विकास करना है।

इस विशेषज्ञता का उद्देश्य छात्रों की प्रतिस्पर्धी और उद्यमिता की भावना का निर्माण करते हुए उनमें सामाजिक मूल्यों को संपोषित करना है। क्षेत्रीय दौरों, टेनरी प्रशिक्षण, उद्योग इंटर्नशिप और स्नातक परियोजनाओं के माध्यम से उद्योग का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना इस कार्यक्रम की पाठ्यचर्या का अभिन्न अंग है। बहुविषयक दृष्टिकोण वृत्तिकों के विकास को और अधिक मज़बूती प्रदान करता है।

लैदर डिजारन के स्नातकों के पास डिजाइनरों, उत्पाद निर्माताओं, उत्पादन प्रबंधकों, वाणिज्यिकों, उद्यमियों आदि के रूप में फैशन के क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध हैं। हमारे स्नातकों के लिए लक्षित उद्योग में निर्यात और घरेलू विनिर्माण, रिटेल, खरीद और सोर्सिंग शामिल है।

विभाग के पूर्व–छात्रों ने अपने–अपने संबंधित क्षेत्रों में स्वयं के प्रतिमान स्थापित किए हैं तथा उन्होंने उद्योग के आधुनिक मानक विकसित किए हैं जिससे वह वैश्विक फैशन और जीवन–शैली क्षेत्र का एक अभिन्न भाग बन गया है।

प्राध्यापक प्रतिभागिता

आचार्य / प्राध्यापक

पत्र और लेख

- सुश्री तूलिका महंती (सहायक प्रोफेसर–एलडी) द्वारा 'बॉलीवुड इम्पैक्ट ऑन फैशन ट्रेंड्स एंड कंज्यूमर्स' शीर्षक पर लिखा गया पत्र ऑनलाइन इंटरनेशनल इंटरडिसिप्लीनरी रिसर्च जर्नल (आईएसएसएन 2249–9598, इंपैक्ट फैक्टर 2.217) के मई–जून, 2015 के अंक में प्रकाशित हुआ।

- सुश्री तूलिका महंती (सहायक प्रोफेसर–एलडी) द्वारा 5–6 नवबर, 2015 तक सीएसआईआर–नेशनल मेटालर्जिकल लैबोरेट्री, जमशेदपुर में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरणीय चुनौतियां और समाधान (एनसी–ईसीएस 2015) में 'संधारणीय विकास और पर्यावरण' नामक पत्र प्रस्तुत किया गया।

- सुश्री तूलिका महंती (सहायक प्रोफेसर–एलडी) द्वारा गांधी समग्र, वार्षिक संस्करण, 2015, आईएसएसएन : 2277–9795 में 'गांधीवादी विकास योजना में चरखे का महत्व' विषय पर लिखा लेख प्रकाशित हुआ।

- सुश्री तूलिका महंती (सहायक प्रोफेसर–एलडी) द्वारा 'मानवाधिकारों के आयामों में परिवर्तन' विषय पर लिखा गया पत्र भावना प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'मानवाधिकार का बदलता परिदृश्य में आईएसबीएन सं. 978–81–7667–278 के साथ प्रकाशित हुआ।

- डा. कुलविंदर कौर द्वारा संपादित पुस्तक 'दि कमिंग ऑफ कंज्यूमर सोसाइटी' में सुश्री ऊषा नरसिंहन (एसोसिएट प्रोफेसर–एलडी) का एक अध्याय प्रकाशित हुआ। अध्याय का शीर्षक है 'फैशन उपभोग और सामाजिक जीवन'। यह पुस्तक मनोहर प्रकाशत द्वारा प्रकाशित की गई है तथा यह फरवरी, 2016 में विमोचित हुई।

- सुश्री डॉली कुमार (सीसी–एलडी एवं सहायक प्रोफेसर–एलडी) द्वारा 'फुटवियर का इतिहास', विषय पर लिखा गया अध्याय 'शूज एंड एक्सेसरीज़, नामक पुस्तक के वार्षिक संस्करण, मार्च, 2016 में प्रकाशित हुआ।

- सुश्री डॉली कुमार (सीसी–एलडी एवं सहायक प्रोफेसर–एलडी) द्वारा 'अंडरस्टैंडिंग दि फुटवीयर आइडेंटिटी थ्रू एजेज़' विषय पर लिखा गया अध्याय 'शूज एंड एक्सेसरीज़, नामक पुस्तक के वार्षिक संस्करण, मार्च, 2016 में प्रकाशित हुआ।

एंड चर्म बैग, जोधपुर राजस्थान। समूचे देश में स्थित क्लस्टरों में व्यापक रूप से शिल्प अध्ययन किया गया अर्थात् चूड़ी निर्माण का लेकरवेयर शिल्प, मुजफ्फरपुर, बिहार; गया, बिहार में स्टोनवेयर शिल्प, मंजूषा कला और तुसार सिल्क वीविंग, भागलपुर, पोडुरु, खादी परिधान, बंद्रूलंका, फाइन कॉटन साड़ियां, उप्पडा; पारंपरिक सिल्क साड़ियां, दुब्बका, गोलाबामा साड़ी, नरसापुर, लेस पार्क, पोचमपल्ली, इक्कात टाई एवं डाई, वारंगल, मेटल क्राफ्ट और धुर्री, कोंडापल्ली, काष्ठ के खिलौने, हैदराबाद; ब्लैक मेटल, मछली पत्तनम, कलमकारी मंगलगिरी, कॉटन साड़ियां, वेंकटागिरि, वेंकटागिति साड़ियां/राजमाता साड़ियां, सिरकलहस्ती, कलमकारी, तिरुपति; काष्ठ शिल्प, हिंदुपुर, वस्त्र हथकरघा, हथकरघा, बुनाई, बेगमपुर, हुगली, पश्चिम बंगाल, टाई एवं डाई, बाटिक और कांथा, बोल्पुर, वीरभूमि, पश्चि बंगाल, क्ले मॉडल/फाइबर ग्लास मॉडल/शोलपपिट, कमरतुली, कोलकाता, चर्मबाटिक और एम्बॉसिंग, बोल्पुर, गाले वीविंग (स्क्ट्र्स, परिधान और शॉल), होंग, अरुणाचल प्रदेश; बोरडुम्सा (बुकांग निगवोट परिधान), अरुणाचल प्रदेश, बाका वीविंग के लिए, सिवानगर में मेखला वीविग, अपर असम, पुआन वीविंग (शॉल) और राजघाट, थेंजावल, मिजोरम, रीसा रिगनई वीविंग, त्रिपुरा। संचार विभाग के छात्रों ने अनेक शिल्पों द्वारा बनाई गई वस्तुओं के लिए प्रोत्साहन विवरणिकाएं और पैकेजिंग समाधान भी तैयार किए, जेसे एप्लीक वर्क, पिपली, ताराकाशी/फिलिग्री, कटक, पट्टचित्र, रघुराजपुर, ओडिशा। छात्रों ने विभिन्न क्लस्टरों में डिजाइन हस्तक्षेप तथा उत्पाद वैविध्यीकरण भी संचालित किया जैसे डोक्रा बैल मैटल क्राफ्ट, छत्तीसगढ़ कुशमंडी साउथ दीनाजपुर, पश्चिम बंगाल जो स्थानीय शिल्कारों के साथ एक कार्यशाला में निष्पादित किया गया। डिजाइन स्पेस के छात्रों ने संधारणीयता के तीन स्तंभों – सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक के संदर्भ में क्लस्टरों में संचालित किए जा रहे शिल्प का अध्ययन किया तथा प्रणाली के गैर–संधारणीय पहलुओं के लिए समाधान तैयार किया।

शिल्प क्षेत्र से संबंधित परियोजनाएं और समारोह

निफ्ट प्रधान कार्यालय ने नई क्लस्टर पहल नीति के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था जिसके अंतर्गत शिल्प के अध्ययन तथा क्राफ्ट क्लस्टरों के अनुभव को निफ्ट पाठ्यचर्या के अभिन्न भाग बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। यह हथकरघा को फैशन के साथ जोड़ने तथा छात्रों एवं कारीगरों के पारस्परिक हित के लिए एक लाभप्रद कदम सिद्ध होगा। इसका अनुमोदन वस्त्र मंत्रालय द्वारा कर दिया गया है तथा निफ्ट इस पहल के लिए आगामी पांच वर्षों हेतु विकास आयुक्त हथकरघा और हस्तशिल्प के कार्यालय से उन्नचास करोड़ रुपए का वित्त–पोषण प्राप्त करने में सफल रहा है।

प्रधान कार्यालय द्वारा उस्ताद स्कीम के अंतर्गत अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय को एक अन्य प्रस्ताव भेजा गया है जिसके तहत अल्पसंख्यक समुदायों के कारीगरों के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाएं संचालित करने, अलपसंख्यक समुदायों द्वारा संचालित शिल्पों को प्रलेखित करने, शिल्पकारों को प्रशिक्षण देने के लिए पाठ्यचर्या विकसित करने तथा अल्पसंख्यक समुदायों के पहचाने गए शिल्पों के लिए उत्कृष्ट शिल्पकारों की पहचान करने का प्रस्ताव किया गया है। इस परियोजना का क्रियान्वयन विभिन्न निफ्ट कैंपसों में

किया जाएगा तथा इसमें निफ्ट प्राध्यापक और पूर्व–छात्र शामिल होंगे। अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय द्वारा परियोजना के लिए बारह करोड़ उन्यासी लाख रुपए की परियोजना राशि अनुमोदित कर दी गई है।

'उन्नत भारत अभियान' (यूबीए) के अंतर्गत, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में पिछड़ी ग्राम पंचायतो के क्लस्टर को अंगीकृत करने के लिए उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों को शामिल करना है, आईआईटी में डीन(ए) एवं प्रमुख क्लस्टर द्वारा एक बैठक में भाग लिया गया था जहां निफ्ट की भूमिका को परिभाषित किया गया। समस्त कैंपस निदेशकों ने यूबीए के प्रयोजनार्थ अपने–अपने क्षेत्रों में पिछड़ी ग्राम पंचायतों (जीपी) की पहचान कर ली है और उन्हें अंगीकृत कर लिया है तथा इस मामले में संपर्क बिंदु बनने तथा समस्त पहलों के लिए अभिरक्षक बनने के लिए एक नोडल अधिकारी को नामनिर्दिष्ट कर दिया है। नोडल अधिकारी की भूमिका जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर द्वारा यूबीए के क्रियान्वयन के संबंध में की जाने वाली समीक्षाओं के दौरान कैंपस का प्रतिनिधित्व करने तथा धरातल पर ग्राम पंचायतों को अपनाने के लिए अपेक्षित पश्च/अग्रगामी संबंधों की व्यवस्था करने के लिए जिला अधिकारियों के साथ ऐसे संपर्कों की व्यवस्था करने की भी होगी।

निफ्ट चेन्नई ने पारंपरिक उद्योगों के पुनः सृजन के लिए निधि की नवीन स्कीम (स्फूर्ति) के अंतर्गत नोडल एजेंसी केवीआईसी के साथ एक परियोजना तैयार की है, जिसके अंतर्गत निफ्ट चेन्नई तमिलनाडु में 2 क्लस्टरों के लिए तकनकी एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना का बजट सोलह लाख रुपए है। चेन्नई कैंपस ने चेन्नई में 9, 10 और 11 मार्च 2016 को आयोजित इंडिया इंटरनेशनल हस्तनिर्मित वस्तु मेले के लिए थीम पेवेलियन और फैशन शो का समन्वय भी किया। परियोजना की लागत सत्रह लाख रुपए थी।

निफ्ट हैदराबाद ने 12 फरवरी, 2016 को 'संसदीय परामर्श समिति की बैठक' का आयोजन किया। संकाय तथा छात्रों ने क्लस्टर विजिटों के दौरान विकसित किए गए उत्पादों का प्रदर्शन किया तथा निफ्ट कैंपस में 15 शिल्पकारों द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया। निफ्ट चेन्नई ने 7 अगस्त, 2015 को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन किया। संकाय तथा परिसर निदेशक ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के भाग के रूप में सीनेट हॉल, मडास विश्वविद्यालय, चेन्नई में हथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसका उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया।

डीन(ए) एवं क्लस्टर प्रमुख द्वारा 15–19 जून, 2015 (पांच दिन) को जयपुर में 'शिल्प प्रक्रियाएं और परंपराएं' पर एक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 18 प्राध्यापकगणों ने भाग लिया जिनमें सभी निफ्ट कैंपसों के क्लस्टर पहल समन्वयक (सीआईसी) भी शामिल थे। टीओटी का उद्देश्य शिल्प क्षेत्र के लिए प्रलेखीकरण प्रक्रिया, रिपोर्ट लेखन और परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के विषय में जानकारी प्रदान करना था।

शिल्प क्षेत्र में निफ्ट प्राध्यापक का योगदान

निफ्ट का प्राध्यापक क्लस्टर संबंधी क्रियाकलापों में शामिल रहा है तथा उसने विभिन्न स्तरों पर सरकार के साथ अपनी संबद्धता तथा साथ ही अपने अनुसंधान क्रियाकलापों के माध्यम से शिल्प क्षेत्र के प्रति पर्याप्त योगदान दिया है। प्रो. सुधा ढींगरा को 'हथकरघा और क्षेत्रीय पहचान में डिजाइन का महत्व' विषय पर एक वार्ता संचालित करने के लिए आमंत्रित किया गया था तथा उन्होंने क्राफ्ट रिवाइवल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पैनल चर्चा में भाग लिया। इस संगोष्ठी का विषय था 'हैंडलूम स्पेस : नवीकरण के प्रतिमान के रूप में मुबारकपुर का निर्माण' तथा इसका आयोजन 10 अक्तूबर 2015 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में किया गया था। उन्हें जुलाई, 2015 में हस्तशिल्प श्रेणी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं और शिल्प गुरु पुरस्कार विजेताओं का तथा हथकरघा में संत कबीर पुरस्कार के विजेताओं का चयन करने के लिए जूरी के सदस्य के रूप में भी नामांकित किया गया था। प्रो. कृपा माथुर और सुश्री सविता राणा, एसोसिएट प्रोफेसर ने एचईपीसी द्वारा पानीपत और वाराणसी में हथकरघा निर्यातकों के लिए आयोजित पूर्वानुमान रूझान दिशा 2016 से संबंधित एक–दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया। टेक्सटाइल डिजाइन विभाग, नई दिल्ली ने ऊंट की बेल्टों का निर्माण करने के लिए राजस्थान में प्रयुक्त 'प्लाई स्प्लिट ब्रेडिंग तकनीक' के समाप्त होते शिल्प पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इसका संचालन प्रो. एरोल नेल्सन पायरेस, एनआईडी, अहमदाबाद से सेवानिवृत्त संकाय सदस्य द्वरा 20 अक्तूबर, 2015 को किया गया। श्री सत्यप्रकाश, एसोसिएट प्रोफेसर, हैदरबाद ने एक–दिवसीय विपणन कार्यशाला के भाग के रूप में शिल्परामन में 'डिजाइन में रूझान' विषय पर 50 शिल्पकारों के लिए एक व्याख्यान संचालित किया जिसका आयोजन 12 मार्च, 2016 को डीसी हस्तशिल्प, हैदराबाद

द्वारा किया गया था। निफ्ट प्राध्यापक कार्तिकेयन बालारामन, निफ्ट चेन्नई, श्री सचिव भटनागर, निफ्ट पटना और सुश्री स्वाति व्यास, निफ्ट भोपाल ने संयुक्त रूप से निफ्ट द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित मामला विचार–गोष्ठी में ''संगनेर हैंड ब्लॉक प्रिंटिग : भावी मार्ग'' विषय पर तथा श्री सत्य प्रकाश, निफ्ट हैदराबाद ने ''कुंदन आभूषण निर्माण में स्वर्ण के वजन का प्रक्रियात्मक महत्व'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया। श्री कार्तिकेयन, निफ्ट चेन्नई को चेन्नई में 09 जून, 2015 को वर्ष 2013–2014 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए उत्कृष्ट शिल्पियों का चयन करने वाले शिल्प गुरु पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियों का चयन करने वाले राज्य स्तरीय चयन समिति के सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किया गया था। उन्होंने एचईपीसी द्वारा करूर, तमिलनाडु में 12 अक्टूबर 2015 तथा कन्नूर केरल में 20 नवम्बर, 2015 को आयोजित ट्रेंड फोरकास्टिंग फॉर हेम टेक्सटाइल्स में एक पत्र भी प्रस्तुत किया।

डा. रुचिका को लघु उद्योग भारती, जोधपुर के लिए 12 मई, 2015 को महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महिला उद्यमियों के लिए 'व्यवसाय की विभिन्न अवस्थाओं में विपणन कार्यनीतियां' पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्हें विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से जोधपुर हस्तशिल्प निर्यातक एसोसिएशन (जेएचईए) के समन्वयन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कॉमन फेसिलिटी, सेंटर (सीएफसी) जोधपुर में विपणन तकनीकों और उत्पाद अभिनवता पर शिल्पकारों को प्रशिक्षित करने के लिए भी आमंत्रित किया गया था।

शिल्प के छात्रों की उपलब्धियां

निफ्ट के छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करने के माध्यम से शिल्प के क्षेत्र में भी योगदान दिया है। निफ्ट दिल्ली के दो छात्रों को 'धरोहर–संधारणीय डिजाइन के लिए शिल्प और कौशल विकास' में निफ्ट दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया था जिसका आयोजन शहरी डिजाइन और विकास केन्द्र (सीयूडीडी) के तत्वावधान में 16–18 अगस्त, 2015 को आईआईटी रुड़की द्वारा किया गया था। निफ्ट बैंगलूरू के एक छात्र तथा निफ्ट नई दिल्ली के दो छात्रों ने नमस्ते स्टॉकहोम प्रतियोगिता में क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा वे मई 2016 की समाप्ति पर स्वीडन जाएंगे।

सूचना प्रौद्योगिकी *पहलकदम*

नई सहशाब्दि में, फैशन वशत्तिकों की सफलता उनकी फैशन और सूचना प्रौद्योगिकी को अर्थपूर्ण तरीके में एकीकृत करने की योग्यता पर निर्भर करती है। वस्तुतः निफ्ट में छात्रों को प्रदान की जाने वाली आईटी सहायता भारत में अन्य सभी फैशन संस्थानों के लिए ईर्ष्या का विषय है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग अन्य विभागों के साथ तालमेल करके कार्य करते हुए संस्थान में एक आईटी समर्थ शिक्षण परिवेश का सृजन करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करता है। विभाग निफ्ट के छात्रों, संकाय, कर्मचारियों और प्रबंधन को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करता है। प्रत्येक निफ्ट कैंपस के पास आज एक स्वतंत्र, पूर्णतः प्रचालित सूचना प्रौद्योगिकी सुविधा है जिसमें योग्य और अनुभवी आईटी वशत्तिक तैनात हैं। कम्प्यूटर प्रयोगशालाओं में अति आधुनिक हार्डवेयर और साफ्टवेयर विद्यमान है। प्रयोगशालाओं में सर्वर और वर्क स्टेशन पर्सनल कम्प्यूटर, डिजिटाइजर्स, इमेज स्कैनर, डिजिटल कैमरा आदि लगे हुए हैं। वर्तमान में, सभी पन्द्रह निफ्ट कैंपस राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) से 100 एमबीपीएस बैंड विड्थ कनेक्शनों से जुड़े हुए हैं।

प्रत्येक विभाग ने पाठ्यचर्या में नवीनतम साफ्टवेयर को शामिल किया है ताकि छात्रों को उद्योग के लिए तैयार किया जा सके। ग्राफिक डिजाइन, एनीमेशन, 2डी/3डी मॉडलिंग, फोटो इमेजिंग और एडिटिंग, आंकड़ा विश्लेषण और बाजार अनुसंधान के अलवा, इलेस्ट्रेशन, पैटर्न मेकिन, ग्रेडिंग, मार्कर मेकिंग, निटवीयर और टेक्सटाइल डिजाइन एक्सेसरी डिजाइन और लेआउट के लिए सीएडी सॉफ्टवेयर का प्रयोग व्यापक रूप से पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या के भाग के रूप में किया जाता है। निफ्ट में अध्ययन के दौरान अन्य कम्प्यूटर अनुप्रयोगों को भी शामिल किया जाता है, जैसे आरडीबीएसएस, विंडोज प्रोग्रामिंग, मल्टीमीडिया, ईआरपी, एडवांस्ड प्लानिंग और शिड्यूलिंग, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग आदि जो प्रौद्योगिकी के छात्रों को विभिनन प्लेटफार्मों पर सॉफ्टवेयर का विकास करने में समर्थ बनाते हैं। निफ्ट अपने सभी कैंपसों में छात्रों को वाईफाई सुविधा मुहैया कराता है।

आईटी विभाग के आंतरिक सॉफ्टवेयर विकासक दल ने शिक्षण और अधिगम के लिए एक शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म, कैंपस प्रबंध सोलूशन (सीएमएस) विकसित किया है जो एक वेब आधारित एप्लीकेशन है। सॉफ्टवेयर सभी 15 कैंपसों की शैक्षिक प्रक्रियाओं को एकीकृत करता है तथा विभाग को शैक्षिक वितरण प्रणाली को मानीटर करने में समर्थ बनाता है। सीएमएस का प्रयोग संकाय, कर्मचारियों, पूर्व–छात्रों और उद्योग के साथ–साथ समस्त छात्र समुदाय द्वारा किया जाता है।

वर्ष 2015–16 के दौरान, सीएमएस में क्रियान्वयन को और अधिक सरल एवं कारगर बनाया गया तथा उसका विकास किया गया। सीएमएस ने छात्रों के जीवन चक्र की अधिकांश प्रक्रियाओं का सफलतापूर्वक प्रबंधित किया तथा प्रवेश, सामान्य प्रशासन और पूर्व–छात्रों से संबंधित क्रियाकलापों के प्रबंधन का आंशिक स्वचालन किया। सीएमएस ने 15 कैंपसों में शैक्षणिक प्रक्रिया को विनियमित किया जिसमें सेमेस्टर निर्धारण, समय–सारणी तैयार करना, संकाय सदस्यों को विषय का आवंटन, विभाग और कॉमन इलेक्टिव विषय का चयन, कैंपस के भीतर शिक्षण, दत्त–कार्य

की घोषणा, दत्त–कार्य का प्रस्तुतीकरण, प्राध्यापक मूल्यांकन, जूरी प्रक्रिया, अंकों की घोषणा, कॉमन बोर्ड परीक्षा समय–निर्धारण, परीक्षा नियंत्रक की प्रक्रिया, परिणाम की घोषणा, छात्रों को भुगतान अंतरण, अनुशासन से संबंधित मुद्दे आदि भी शामिल हैं।

सीएमएस की स्वचालित स्थापन प्रक्रिया ने छात्रों को रोजगार प्राप्त करने वाले आवेदक के रूप में पंजीकृत करने, उद्योग द्वारा घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने तथा नियोजन प्रक्रिया में भाग लेने में समर्थ बनाया। उद्योग द्वारा प्री–प्लेसमेंट के रूप में रोजगार की पेशकश करने के लिए सीएमएस के विशिष्ट एप्लीकेशनों का प्रयोग किया गया तथा उसने छात्रों को अपनी स्वीकृति दर्ज करने में समर्थ बनाया। प्रणाली ने रोजगार की तलाश करने वाले उम्मीदवारों की संख्या, रोजगार की पेशकश किए गए छात्रों की संख्या तथा छात्रों द्वारा पेशकशों की स्वीकार करने से संबंधित रीयल टाइम सांख्यिकीय सूचना उपलब्ध कराई।

वेब आधारित विकेन्द्रीकृत काउंसलिग प्रणाली ने 2015–16 में भी सुचारू रूप से कार्य किया। इसने छात्रों को काउंसलिग के स्थान का ऑनलाइन चयन करने तथा उनके गृह–नगरों के निकटतम स्थित किसी भी निफ्ट केन्द्र पर काउंसलिग के लिए उपस्थित होने में समर्थ बनाया। प्रणाली ने छात्रों को वास्तविक स्थिति के बारे में सूचित किया तथा उन्हें मेरिट और उपलब्धता के आधार पर पसंदीदा पाठ्यक्रम और केन्द्र का चयन करने में सहायता प्रदान की। कम्प्यूटर आधारित केन्द्रीयकृत सीट आबंटन ने पूर्णतः पारदर्शिता सुनिश्चित की।

सामान्य तौर पर प्रशासन और वित्तीय क्रियाकलापो को सहायता प्रदान करने वाली विशेषता का क्रियान्वयन किया गया था, जैसे छात्रावास प्रबंधन, क्रय, नियत आस्ति रजिस्टर का संकलन, कैंपसों की मासिक प्रगति रिपोर्ट, तिमाही वित्तीय प्रगति रिपोर्ट, निफ्ट को भुगतान करने के लिए ऑनलाइन भुगतान गेटवे एकीकरण आदि। अन्य विशेषताएं जैसे प्राध्यापक प्रशिक्षण, परियोजना और परामर्श तथा सीई कार्यक्रमों को भी प्रत्येक कैंपस की प्रगति की निगरानी करने के लिए समाविष्ट किया गया था।

2015–16 के दौरान, 4000 से अधिक पूर्व–छात्रों ने निफ्ट पूर्व–छात्र पोर्टल पर रजिस्टर किया जिसे निफ्टियन अथवा निफ्ट अंतर्राष्ट्रीय पूर्व–छात्र नेटवर्क कहा जाता है।

उपर्युक्त के अलावा, निफ्ट ने निम्नलिखित भी आरंभ किया है:–

- वीडियो कांफ्रेसिंग सुविधाएं सभी 15 निफ्ट कैंपसों में कार्यात्मक हो गई हैं। प्रणाली ने ऐसी अवसंरचना प्रदान की है जो विभिन्न निफ्ट कैंपसों में वास्तविक रीयल टाइम कक्षा–शिक्षण संचालित करने, प्रत्येक निफ्ट कैंपस में वर्चुअल बैठकों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि का आयोजन करने में सहायक है। अनेक अंतर्केन्द्र व्याख्यान, शैक्षिक और प्रशासनिक दोनों विभागों की बैठकें वर्ष 2015–16 के दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संचालित की गईं। रिकार्ड किए गए सत्रों को उपलबध कराए जा रहे सुरक्षित पोर्टल के माध्यम से बाद में तलाशा जा सकता है और देखा जा सकता है।

- शैक्षणिक सत्र 2015 तक के बैचों के लिए निफ्ट के छात्र की समेकित ई–मेल, कैलेंडरिंग और सहयोग समाधान को एकीकृत किया गया तथा छात्रों की व्यक्तिगत ई–मेल आईडी और समूह आईडी (विभागवार और बैचवार) सृजित की गईं।

- वर्ष 2015–16 के दौरान निफ्ट नई दिल्ली कैंपस में पांच अतिरिक्त बायोमीट्रिक मशीनों की स्थापना से हाजिरी प्रणाली को सुदृढ़ बनाया गया।

सतत् शिक्षा *कार्यक्रम*

राष्ट्रीय फैशन टेक्नालॉजी संस्थान उद्योग को तथा साथ ही भावी और कार्यरत वृत्तिकों को सहायता प्रदान करने के लिए विविध सतत् शिक्षा कार्यक्रम संचालित करता है। निफ्ट द्वारा संचालित किए जाने वाले विभिन्न अवधियों वाले अनेक विशेषीकृत कार्यक्रमों का उद्देश्य भावी वृत्तिकों को प्रशिक्षित करना, प्रवेश–स्तर वाले वृत्तिकों को आगे प्रगत प्रशिक्षण प्रदान करना, मध्य–स्तरीय वृत्तिकों को उन्नयित करना है तथा प्रायः ये वृत्तिकों को उद्योग में कार्यबल के रूप में वापस लौटने में भी सहायता करते हैं।

संचालित किए जा रहे सतत् शिक्षा कार्यक्रमों के अलावा निफ्ट ने शैक्षणिक वर्ष 2014 से डिप्लोमा कार्यक्रम प्रदान करना भी आरंभ कर दिया है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अवसंरचना और अन्य संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए केन्द्रों को वित्तीय दृष्टि से अर्थक्षम बनाना है। डिप्लोमा कार्यक्रमों का उद्देश्य उन राज्यों के स्थानीय छात्रों को मूल्यवर्धित कार्यक्रमों की पेशकश करना है जहां निफ्ट के कैंपस नहीं हैं तथा निफ्ट के विद्यमान डिग्री कार्यक्रमों के पार्श्विक प्रवेश को सुकर बनाना है।

निफ्ट के विभिन्न कैंपसों में निम्नलिखित सीई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं:

कैम्पस का नाम	कोर्स का नाम	कोर्स की अवधि	डिपार्टमेंट का नाम	भर्ती उम्मीदवारों की संख्या	आरम्भ पर	कुल राजस्व (प्रत्याशित) रुपयों में
बैंगलूरू	फैशन रिटेल मैनेजमेंट (एफआरएम)	1 वर्ष	एफएमएस	9	03.11.15	720000
	फैशन इंटीग्रेशन फार टेक्सटाइल्स	1 वर्ष	टीडी	7	05.01.15	525000
	अपेरल मर्जेडाईजिंग एण्ड मेनुफेक्जरिंग टेक्नालॉजी	6 माह	बीएफटी	9	26.10.15	495000
	फैशन डिजाइन एण्ड क्लोथिंग टेक्नोलॉजी	1 वर्ष	एफडी	32	06.01.16	1147400
भोपाल	फैशन डिजाइन एण्ड क्लोथिंग टेक्नोलॉजी	1 वर्ष	एफएमएस	25	29.07.15	1083250
चेन्नई	फैशन एण्ड क्लोथिंग टेक्नालॉजी	1 वर्ष	एफडी	16	01.02.16	1200000
गांधी नगर	गार्मेंट प्रोटेक्शन टेक्नालॉजी एण्ड अपैरल डिजाइन	1 वर्ष	डीएफटी	19	21.09.15	1614300
	फैशन इंटीग्रेशन फार अपैरल इण्डि.	1 वर्ष	एफडी	29	31.08.15	2142300
गांधी नगर सूरत	फैशन डिजाइनिंग एण्ड अपैरल टेक्नालॉजी	1 वर्ष	डीएफडी	27	20.07.15	1890000
हैदराबाद	फैशन एण्ड क्लोथिंग टेक्नालॉजी	1 वर्ष	एफडी	16	05.10.15	1200000
	इण्डियन फैशन अपैरल एण्ड बुटिक मैनेजमेंट	1 वर्ष	एफडी	18	21.09.15	1350000
	फैशन अपैरल डिजाइन एवं डब्लपमेंट (वूमेनस वियर)	6 माह	केडी	8	25.09.15	400000
	कंटेम्परेरी इथेनिक वेयर	1 वर्ष	केडी	14	25.09.15	975000

कोलकाता	फैशन एण्ड क्लोथिंग टेक्नालॉजी	1 वर्ष	एफडी	24	17.08.15	1634700
	फैशन एण्ड क्लोथिंग टेक्नालॉजी	1 वर्ष	एफडी	16	29.02.16	1077350
	क्लोथिंग प्रोडक्शन टेक्नालॉजी	1 वर्ष	डीएफटी	10	2.2.2015	627300
मुम्बई	अपैरल डिजाइन एण्ड डब्लपमेंट	6 माह	डीएफटी	12	24.08.15	600000
	अपैरल क्लोथिंग एण्ड फैशन मर्चेडाईजिंग मैनेजमेंट	6 माह	डीएफटी	13	08.08.15	650000
	क्रियेटिव फैशन स्टाईलिंग (खारघर)	6 माह	केडी	18	24.08.15	1080000
	क्रियेटिव फैशन स्टाईलिंग (सिटी सेंटर बैच–1)	6 माह	केडी	9	01.02.15	450000
	डिजाइन डब्लपमेंट फार इण्डियन इथेनिक वेयर	1 वर्ष	केडी	11	17.08.15	990000
	क्रेटिव पैटर्न मैकिंग	6 माह	केडी	11	14.08.15	550000
	ई कार्मस फार फैशन बिजनेस	3 माह	एफएमएस	12	05.09.15	320000
	विजुअल मर्चेडाईजिंग	6 माह	एफसी	25	06.08.15	1250000
	फैशन रिटेल मैनेजमेंट (एफआरएम)	1 वर्ष	एफएमएस	11	22.08.15	1100000
	फैशन एण्ड क्लोथिंग टैक्नालॉजी	1 वर्ष	एफडी	24	01.08.15	2400000
	फोटोग्राफी इन रिलेशन टू फैशन एण्ड प्रोडक्ट	3 माह	एफसी	13	27.08.15	310000

नई दिल्ली	फैशन एण्ड क्लोथिंग टेक्नालॉजी	1 वर्ष	एफडी	44	07.09.15	5222750
	फैशन इंटिग्रेशन फार अपैरल इण्डिस्ट्री	1 वर्ष	एफडी	33	07.09.15	4800000
	गार्मेंट एक्सपोर्ट मर्चेडाईजिंग एण्ड मैनेजमेंट	1 वर्ष	एफएमएस	28	14.09.15	3000000
	फैशन रिटेल मैनेजमेंट	1 वर्ष	एफएमएस	43	15.09.15	4249000
	क्लोथिंग प्रोटेक्शन टेक्नालॉजी	1 वर्ष	डीएफटी	17	14.09.15	4000000
	डिजाइन डवलपमेंट फार इण्डियन इथेनिक्स वेयर	1 वर्ष	केडी	34	14.09.15	4000000
	क्रियेटिव थिंकिंग एण्ड डिजाइन डब्लपमेंट	1 वर्ष	एलडी	41	07.09.15	3075000
	डिजाइन इन बुटिक अपैरल एण्ड एसेसरी	1 वर्ष	एलडी	29	07.09.15	4000000
	टेक्सटाइल फार इंटीरियर्स एण्ड फैशन	1 वर्ष	टीडी	15	11.09.15	3000000
	लक्जरी प्रोडक्ट डिजाइन	1 वर्ष	एडी	7	15.09.15	2500000
	फैशन ई– बिजनेस मैनेजमेंट	1 वर्ष	एफएमएस	33	03.11.15	3000000
	क्रियेटिव फैशन स्टाईलिंग	6 माह	केडी	16	15.09.15	1650000
	ड्रैपिंग फार ड्रेसेज	3 माह	एफडी	15	15.09.15	900000
पटना	फैशन एण्ड क्लोथिंग टेक्नालॉजी	1 वर्ष	एफडी	15	14.09.15	1088100
रायबरेली	फैशन बुटिक एण्ड ड्रेस डिजाईनिंग	3 माह	एफडी	10	14.09.15	600000
					कुल रुपये	72866450

निफ्ट के विभिन्न कैंपसों में निम्नलिखित डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं:

कैम्पस का नाम	कोर्स का नाम	कोर्स की अवधि	डिपार्टमेंट का नाम	भर्ती उम्मीदवारों की संख्या	आरम्भ पर	कुल राजस्व (प्रत्याशित) रुपयों में
चेन्नई	फैशन फिट एण्ड स्टाईल	2 वर्ष	एफडी	21	सित–14	6826500
चेन्नई	फैशन फिट एण्ड स्टाईल	2 वर्ष	केडी	35	सित–15	10500000
चेन्नई	अपैरल प्रोडक्शन एण्ड मर्चेडाईजिंग	1 वर्ष	डीएफटी	15	सित–15	2250000
मुम्बई	अपैरल प्रोडक्शन एण्ड मर्चेडाईजिंग	1 वर्ष	डीएफटी	15	जुलाई–15	2287500
मुम्बई	फैशन फिट एण्ड स्टाईल (बैचः 2014–16)	2 वर्ष	एफडी	24	अगस्त–15	7320000
मुम्बई	स्टोर ऑपरेशन्स	2 वर्ष	एमएफएम	7	अगस्त–15	2135000
मुम्बई	फैशन फिट एण्ड स्टाईल (बैचः 2015–17)	2 वर्ष	एफडी	39	अगस्त–15	11895000
					कुल रुपये	43214000

कैंपस नियोजन 2015

निफ्ट कैंपस नियोजन 2015 का आयोजन 20 अप्रैल से 10 मई, 2015 तक निफ्ट के 11 कैंपसों अर्थात् नई दिल्ली, मुंबई, बैंगलूरू, कोलकाता, चेन्नई, गांधीनगर, हैदराबाद, भोपाल, जोधपुर, कन्नूर और कांगड़ा में संचालित किया गया। कुल 421 कंपनियों ने कैंपस नियोजन के लिए रजिस्ट्रीकरण कराया तथा विभिन्न कार्यक्रमों/कैंपसों में 1985 रिक्त पदों की पेशकश की।

इन नियोजन स्थलों में कैंपस नियोजन के दौरान कुल 1573 छात्रों ने पंजीकरण कराया जिसमें से 1310 छात्रों को नियोजन प्राप्त हुआ अर्थात् 83 प्रतिशत छात्र ऐसे थे जिन्होंने नियोजन के लिए नियोजन अवधि के दौरान पंजीकरण कराया था जिन्हें कैंपस नियोजन के दौरान रोजगार प्राप्त हुआ।

नियोजन 2015 का पाठ्यक्रम–वार विश्लेषण चार्ट–I में दिया गया है:



कैंपस नियोजन 2015 के दौरान मास्टर्स कार्यक्रम के लिए औसत वार्षिक वेतन 4.70 लाख रुपए था जबकि स्नातक कार्यक्रम के लिए यह 3.85 लाख रुपए प्रतिवर्ष था।

कैंपस नियोजन 2015 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के लिए छात्रों द्वारा प्राप्त औसत वार्षिक वेतन (लाख रुपए) चार्ट–II में दर्शाया गया है।

Chart 2: Average Salary in Rs. Lakh P.A



भर्ती करने वाली कंपनियां विविध क्षेत्रों से संबंधित थीं जैसे डिजाइनर्स, विनिर्माता निर्यातक, विक्रय एजेंसियां, परामर्शक, रिटेलर्स, फैशन ब्रांइस, ई–रिटेलर्स, फोम फर्निशिंग्स, प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता तथा साथ ही इंटरनेशनल ब्रांड्स। कुछ प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम वर्णक्रमानुसार नीचे दिए गए हैं:

- आदित्य बिरला नूवो लि. (जयश्री टेक्सटाइल्स)
- अमेजॉन
- एंडडिजाइन इंडिया लिमिटेड
- अर्चना कोचर
- अरविंद लाइफ स्टाइल ब्रांड्स
- एवेन्यू सुपर मार्ट, डी–मार्ट
- भारतीय इंटरनेशनल
- ब्लैक बेरी
- कारवाले. कॉम
- फ्यूचर ग्रुप
- फ्यूचर लाइफस्टाइल (सेंट्रल)
- इम्पल्स
- इंडियन टेरेरियल फैशन लि.
- जयपुर रग्स
- के.पी. सांघवी इंटरनेशनल लि.
- लगूना क्लोथिंग, लाइफ स्टाइल इंटरनेशनल
- महानंदा इंडस्ट्रीज
- मॉडेलामा एक्सपोर्ट्स
- मस्ट गार्मेंट
- ओरिएंट क्राफ्ट
- रेमंड लि.
- रिलायंस ब्रांड्स लि.
- सव्यसाची
- स्नैपडील
- टेक्नोपैक
- ट्राइबर्ग
- वरूण बहल

अधिकांश भर्ती रिटेल कंपनियों द्वारा की गई जिनके बाद ब्रांडों का स्थान था। भर्ती हुए कल स्नातकों में से कुल 35 प्रतिशत रिटेल कंपनियों में भर्ती हुए थे। इसके बाद फैशन ब्रांड (20 प्रतिशत), डिजाइनर/डिजाइन हाउसों (18 प्रतिशत) निर्यात हाउसों/क्रय हाउसों और एजेंसियों (15 प्रतिशत) का स्थान था।

इस वर्ष कैंपस भर्ती ने हाल ही में आरंभ हुई कंपनियों की ओर स्नातकों का अधिक रूझान दर्शाया। कैंपस नियोजन के लिए ऑनलाइन रिटेलरों की उपस्थिति भी निफ्ट कैंपस नियोजन प्रक्रिया की एक मुख्य विशेषता थी।

कुछ गैर–पारंपरिक क्षेत्रों जैसे बॉलीवुड निर्माण हाउसों, मीडिया और मनोरंजन , टेलीविजन प्रोडक्शन हाउसों ने स्टाइलिंग, डिजाइन, मार्केटिंग और ईवेंट मैनेजमेंट, ग्राफिक्स/एनिमेशन के लिए निफ्ट के स्नातकों को भर्ती करने के प्रति रुचि दर्शाई।

पीएच.डी. और अनुसंधान



पीएच.डी कार्यक्रम : निफ्ट डिजाइन, प्रबंध और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में पीएच.डी. प्रदान करता है जैसा कि उद्योग के वस्त्र, फैशन, जीवन–शैली और परिधान क्षेत्रों के व्यापक संदर्भ में लागू होता है। कार्यक्रम को व्यापक रूप से शिक्षण–क्षेत्र तथा उद्योग के प्रयोग के लिए मौलिक ज्ञान सृजित करने हेतु वस्त्र फैशन और परिधान क्षेत्र में अनुसंधान संचालित करने के प्रयोजनार्थ तैयार किया गया है।

पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया सामान्यतः प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह के दौरान आरंभ होती है तथा जुलाई माह के दौरान परिणामों और पंजीकरण की घोषणा कर दी जाती है। पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता पात्रता डिग्री ऑफ डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी के लिए दिशा–निर्देश में निर्दिष्ट की गई है।

पीएच.डी. कार्यक्रम 2009 में आरंभ किया गया था जिसमें 7 छात्र थे तथा इस समय निफ्ट से 29 छात्र पीएच.डी. में अध्ययन कर रहे हैं। कार्यक्रम के समय मान के संबंध में, छात्र से पांच वर्ष के भीतर पर्यवेक्षित अध्ययन पूर्ण करने की आशा की जाती है जिसे महानिदेशक, निफ्ट के विशिष्ट अनुमोदन द्वारा अधिकतम सात वर्ष तक विस्तारित किया जा सकता है। 1 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 तक चार स्कॉलरों की पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।

राष्ट्रीय फैशन टेक्नालॉजी संस्थान में पीएच.डी. का अध्ययन कर रहे अनुसंधान स्कॉलर

क्र.स.	छात्र का नाम	निफ्ट केन्द्र	अनुसंधान का विषय
		2009–सत्र	
1	मोनिका गुप्ता	प्रो. निफ्ट नई दिल्ली	शरीर के विभिन्न भाग के आकारों हेतु परिरेखा वृद्धि का प्रतिपादन (सिनोप्सिस जमा कर दिए)
2	पवन गोडियावाला	प्रो. निफ्ट गांधी नगर	दिन की रोशनी में फसल–कटाई उपकरण का विकास (सिनोप्सिस जमा कर दिए)
3	प्रियंका गुप्ता	सह. प्रो. निफ्ट नई दिल्ली	नर्सों की वर्दी का डिजाईन, विकास और कार्यात्मक परिसज्जन
		2010–सत्र	
4	जागृति मिश्रा	सह. प्रो. निफ्ट गांधी नगर गांधी नगर	भारत में विलक्षित ब्रांड का भंडार की विशेषता की तुलना में उपभोक्ता (सिनोप्सिस जमा कर दिए) क्रय

5.	कौस्तव सेनगुप्त	सह. प्रो. निफ्ट चैन्नई	शहरी भारत में युवाओं की परिधान रंग वरीयता और रंग मनोवृत्ति पर मान और जीवन शैली का प्रभावः संपूर्णात्मक विश्लेषण
6.	मालिनी डी	प्रो. निफ्ट हैदराबाद	दक्षिण भारती के चित्रकारी टैक्सटाईल परंपरा का समसामयिक अभिव्यक्ति और संपोषणीयता–कलमकारी पर एक अध्ययन मामला (सिनोप्सिस जमा कर दिए)
7.	मनोज तिवारी	सह.प्रो. निफ्ट जोधपुर	भारतीय युवाओं के लिए जीन्स आकार चार्ट का मानकीकरण (आयु : 18–35 वर्ष)
8.	वंदना जगलान	बाह्य अनुसंधान छात्र, निफ्ट नई दिल्ली	वेशभूषा डिजाईन की भूमिकाः 1950 से चयनित फिल्मों का अध्ययन (सिनोप्सिस जमा कर दिए)
9.	वंदिता सेठ	प्रो. निफ्ट गांधी नगर	गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के तंगलिया और एकल ईकत शिल्पों का अध्ययन–संपोषणीय डिजाईन मध्यवर्तन के लिए मॉडल का विकास (सिनोप्सिस जमा कर दिए)
10.	विद्या राकेश	सह प्रो. निफ्ट रायबरेली	उत्तरी भारत में प्रौढ़ परिपक्व महिलाओं के ऊपरी परिधान के लिए शरीर मापन का मानकीकरण (सिनोप्सिस जमा कर दिए)
11.	विकास कुमार	सह प्रो. निफ्ट जोधपुर	ब्रॉड प्रोत्साहन में सामाजिक मीडिया की भूमिका–उपयोक्ता निर्णय निर्माण परिप्रेक्ष्य

2011–सत्र

12.	अंकुर सक्सेना	सह. प्रो. निफ्ट जोधपुर	दिल्ली/एनसीआर परिधान उद्योग में हरित निर्माण की संभावनाएं
13.	पर्मिता मजूमदार	बाह्य अनुसंधान छात्र, निफ्ट कांगड़ा	त्रिपुरा की आदिवासी वेशभूषा पर अध्ययन और इसकी कायापलट
14.	रूम्पा रेशमी मुनीश	सह. प्रो. निफ्ट बैंगलूरू	समसामयिक बाजार हेतु नए उत्पादों के डिजाईन विकास के लिए अनुसंधान–चन्ना पटना चैप्टर
15.	युवराज गर्ग	सह. प्रो. निफ्ट जोधपुर	पर्यावरणीय अनुकूल वस्त्रों की जागरूकता मापना, उपलब्धता और स्वीकार्यता

2012–सत्र

16.	प्रेरणा कौशल	बाह्य अनुसंधान छात्र निफ्ट नई दिल्ली	संपोषणीयता और आपूर्ति श्रृंखला
17.	अमित कुमार अंजनी	सह. प्रो. निफ्ट चेन्नई	परिजन निर्माण यूनिटों में वांछित जनशक्ति आपूर्ति और मांग की पूर्ति में व्यवसायिक संस्थानों की भूमिका

2013–सत्र

18.	अरिन्दम दास	निदेशक निफ्ट गांधीनगर	व्यवसायिक डिजाईन शिक्षण में मूल्यांकन प्रणालियों का डिजाईन और ढांचा
19.	जोमिचन एस. पट्टाथी	प्रो. निफ्ट मुम्बई	भारत में फैशन ई–व्यापार की समस्याओं और संभावनाओं पर विश्लेषणात्मक अध्ययन

2014—सत्र

20.	निशांत शर्मा	सह. प्रो. निफ्ट कन्नूर	फैशन शिक्षा एवं फैशन इण्डस्ट्री की मांग पूर्ति मैथड, डिलीवरी एवं परिणाम के संदर्भ में।
21.	रिचा शर्मा	सह. प्रो. निफ्ट बैंगलूरू	स्टडी ऑन इफैक्ट ऑफ ल्यूनिनेंस ऑफ फोटो ल्यूमिसेण्ट स्पेशलिटी फिमेण्टस ऑफ टेक्सटाइल्स फॉर द फैशन इण्डस्ट्री।
22.	शालिनी माथुर	बाह्य शोध निफ्ट बैंगलूरू	इको फ्रैण्डली टेक्सटाइल का राजस्थान की अर्थ व्यवस्था पर प्रभाव और सस्टेनेबल ग्रोथ की क्षमता की सम्भावयता का पता लगाना।
23.	जसपाल सिंह कालरा	बाह्य शोध छात्र निफ्ट दिल्ली	डिजाइन की शिक्षा चिकनकारी कला क्षेत्र में—एटूल फॉर सोशल इनोवेशन
24.	मुत्थु कुमार	बाह्य शोध छात्र निफ्ट दिल्ली	एक सीमक्षात्मक सर्वेक्षण ब्राण्डेड एवं गैर ब्राण्डेड फुटवियर की आरामदायक स्तर पर उपभोक्ता संतुष्टि दिल्ली एवं भारत के एनसीआर में
25.	संजय शर्मा	बाह्य शोध छात्र निफ्ट दिल्ली	हैण्डलूम के क्षेत्र में डिजाइन का प्रभाव का अध्ययन, हाथ सिलाई मशीन एवं अन्य प्रयोगशाला आधारित उपकरण अधिक उत्पादकता एवं उपयोग में आसानी।
26.	जैन हेमलता	बाह्य शोध छात्र निफ्ट बैंगलुरू	गदज प्रयोग में प्राकृतिक टेनिन आधारित मोर्डेन्टस द्वारा हथकरघा सामग्री का विकास (मायरोबलन, सिम्पलोकोस, अनार एवं अर्जुन की दाल) का काटनयार्ड डाइ किए प्राकृतिक डाई (बेटरी नट एवं मंडर)

2015—सत्र

27.	आर एस जयदीप	प्रो. निफ्ट कन्नूर	20वीं शताब्दी की मलयालम फिल्मों और चित्रों के माध्यम से केरल के लोगों की पोशाकों/कपडों का अध्ययन
28.	थाडपल्ली श्रीवनि	सह प्रो. निफ्ट हैदराबाद	मिश्रित कपडों और सिले हुए वस्त्रों का उपभोक्ताओं के लिए निष्पादन मूल्यांकन
29.	अनुपम कपूर	बाह्य शोध छात्र	उपभोक्ता कपड़ों की खपत और निपटान पैटर्न : एक खोजपूर्ण अध्ययन

पीएच.डी. प्रत्युत्तर मौखिक–परीक्षा

निफ्ट ने निम्नलिखित स्कालरों को पीएच.डी. डिग्री प्रदान कीः

क्रम सं.	पीएच.डी स्कॉलर का नाम	पर्यवेक्षक का नाम	पत्र का शीर्षक	मौखिक–परीक्षा प्रस्तुतीकरण की तारीख
1.	सुहेल अनवर, प्रोफेसर निफ्ट, दिल्ली	डा. सिबिचन मैथ्यू	छात्रों के प्रदर्शन पर सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों का प्रभाव : फैशन डिजाइन में भारत की उच्चतर शिक्षा का मामला।	17 अप्रैल, 2015
2.	शालिनी सूद, प्रोफेसर निफ्ट दिल्ली	डा. सिबिचन मैथ्यू	सलवार, कमीज, दुपट्टा (एसकेडी) के निर्धारक : दिल्ली/एनसीआर का संदर्श	14 मई, 2015
3.	सुरुचि मित्तर, सह प्रोफेसर, निफ्ट दिल्ली	डा. सिबिचन मैथ्यू	दिल्ली/एनसीआर में परिधान विनिर्माण फर्मों में संगठनात्मक निष्पादन पर मानव संसाधन प्रबंध प्रक्रियाओं का प्रभाव	14 मई, 2015
4.	शिंजु महाजन, सह प्रोफेसर, निफ्ट–नई दिल्ली	डा. नीलांजना बैरागी	शिशुओं के फुटवीयर का डिजाइन और विकास – प्रयोक्ता – केन्द्रित दृष्टिकोण	24 फरवरी, 2016

वित्तीय वर्ष अप्रैल, 2015 – मार्च, 2016 के दौरान निफ्ट संकाय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत शोध–पत्रों की सूची

संकाय सदस्यों का नाम	**पत्र का शीर्षक**	**निफ्ट परिसर**	**सम्मेलन की तारीख**	**सम्मेलन का नाम**
एस. अंगामल शांति, सह प्रोफेसर	तमिलनाडु में परिधान कंपनियों के सामाजिक और आर्थिक निष्पादन पर सीएसआर अनुपालन के प्रभाव का प्रबंध संदर्श ।	बैंगलूरू	03 अप्रैल,15	चेन्नई में 3–5 अप्रैल, 2015 तक आयोजित होने वाली सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में उभरती प्रवृत्तियों पर अंतर्राष्ट्रीय विचार–गोष्ठी
रूही दास चौधरी, सहायक प्रोफेसर	फैशन के डायलॉग ।	कोलकाता	18 जून,15	यूनीवर्सिटा कैटोलिका डी सैक्रो क्यूरो, मिलान में 18–20 जून, 2015 तक फैशन और सांस्कृतिक उत्पादन के अध्ययन के लिए मोडाकल्ट सेंटर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फैशन टैल्क्स 2015 में मौखिक प्रस्तुतीकरण।
नेहा सिंह, सहायक प्रोफेसर और प्रियंका गुप्ता, प्रोफेसर, निफ्ट दिल्ली	कॉटन फैब्रिक्स की यूवी प्रोटेटेक्टिव प्रोपर्टीज़ पर धुलाई एजेंटों का प्रभाव।	नई दिल्ली	04 अप्रैल,15	फैशन संस्थान में वस्त्र और परिधान उद्योग के लिए भविष्य की परिकल्पना पर सम्मेलन के लिए मौखिक प्रस्तुतीकरण।
किस्लय चौधरी निफ्ट, भोपाल	कस्टमाइज्ड कर्व्स के लिए इंजीनियर्ड डिजिटल टेक्सटाइल प्रिंट डिजाइन।	भोपाल	24 अप्रैल,15	फैशन के संदर्भ, मैटीरियलिटी एंड दि बॉडी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, सीटीएएनजैड विचार–गोष्ठी।
अनुपमा गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर	परिधान निर्यात आपूर्ति श्रृंखला के वितरण लीड समय पर आउटबांउड लॉजिस्टक्स क्रियाकलापों का प्रभाव।	बैंगलूरू	27 जून,15	एकेडमी ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस (एआईबी), 2015 बैंगलूरू सम्मेलन। यह सम्मेलन आईआईएम बैंगलूरू में आयोजित किया जाएगा।
हरलीन साहनी, सहायक प्रोफेसर	परिधान उत्पाद अटैचमेंट और लॉजिविटी संवर्धन के लिए उपभोक्ता अनुभव निर्माण ।	गांधीनगर	17 जून,15	अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 'प्लेट 2015' नॉटिगंम ट्रेंट विश्वविद्यालय, यूके।

संकाय सदस्यों का नाम	पत्र का शीर्षक	निफ्ट परिसर	सम्मेलन की तारीख	सम्मेलन का नाम
गौतम साहा, सह प्रोफेसर	भविष्य का डिजाइन : भावी सोसाइटी का डिजाइन तैयार करने के लिए सृजनात्मक और तर्कशील डिजाइनरों को आमंत्रण।	भुवनेश्वर	12 मई,15	आईएफएफटीआई पोलीमोडा सम्मेलन, फ्लोरेंस, इटली
एम. वसंता, सह प्रोफेसर एवं हेमलता जैन	कर्नाटक, भारत की पट्टेडा अंचु साड़ी बुनाई के प्राचीन शिल्प का पुनरुद्धार।	चेन्नई	20 जुलाई,15	पेरिस, फ्रांस मे आयोजित होने वाला अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र और फैशन सम्मेलन (आईसीटीएफ 2015)
श्वेता जोशी, सहायक प्रोफेसर	अज्ञात परिधान, अप्रयुक्त आभूषण।	मुंबई	12 मई, 2015	आईएफएफटीआई 2015 सम्मेलन पोलीमोडा, इटली
राखी वाही प्रताप, सह प्रोफेसर	भारत के अनुष्ठानिक आध्यात्मिक वस्त्रों का नए फैशन में रूपांतरण।	हैदराबाद	12 मई, 2015	आईएफएफटीआई 2015 सम्मेलन पोलीमोडा, इटली
कविता सलूजा, प्रोफेसर	मूमेंटिंग दि मेमेंटो : स्पेस।	बैंगलूरू	12 मई, 2015	आईएफएफटीआई 2015 सम्मेलन पोलीमोडा, इटली
संजीव कुमार सह प्रोफेसर और अंशु राजवंशी, सहायक प्रोफेसर	शिल्प पुनः परिभाषित : एक अभिव्यक्ति।	दिल्ली	12 मई,15	आईएफएफटीआई 2015 सम्मेलन पोलीमोडा, इटली
रीना अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर	क्या हमें शिल्प की संधारणीयता के लिए समकालीनता की आवश्यकता है? टोडा कशीदाकारी का मामला अध्ययन।	मुंबई	11 जून,15	समाजिक, विज्ञान, कोबे जापान में छठा वार्षिक एशियाई सम्मेलन।
निलांजना बैरागी, सह प्रोफेसर	त्रिपुरा के पारंपरिक जनजातीय हथकरघा वस्त्रों का रूपांतरण।	बैंगलूरू	27 जून,15	शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल में 'वैश्वीकरण' के संदर्भ में भारतीय हथकरघा वस्त्रों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
जागृति मिश्रा, सहायक प्रोफेसर और हरलीन साहनी सहायक प्रोफेसर	कार्यनीतिक लाभ का अनुरक्षण करना – चौहानों का पारंपरिक पारिवारिक व्यवसाय।	गांधीनगर	06 अगस्त,15	अंतर्राष्ट्रीय मामला अध्ययन सम्मेलन 2015 (आईसीएससी) आईबीएस, हैदराबाद द्वारा आयोजित
प्रीति गढ़वी, सहायक प्रोफेसर तथा हरलीन साहनी सहायक प्रोफेसर	एक सुरुचिपूर्ण ब्रांड का निर्माण करना – सरदार पद्धति।	गांधीनगर	06 अगस्त,15	अंतर्राष्ट्रीय मामला अध्ययन सम्मेलन 2015 (आईसीएससी) आईबीएस, हैदराबाद द्वारा आयोजित
विशाखा अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर	भारत में फैशन उद्योग में आईपीआर।	भोपाल	14 अप्रैल,15	फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, वड़ोदरा के वस्त्र और परिधान विभाग में ''वस्त्र और परिधान उद्योग के लिए भविष्य की परिकल्पना,'' पर संगोष्ठी, 4–5 अप्रैल, 2015 तक निर्धारित।

प्राध्यापक सदस्यों का नाम	पत्र का शीर्षक	निफ्ट परिसर	सम्मेलन की तारीख	सम्मेलन का नाम
पूर्वा खुराना, सह प्रोफेसर	इकातः पारंपरिक वस्त्र और उत्पादन से संधारणीय विकल्प की ओर रूपांतरण – नए आयाम।	दिल्ली	21 सितम्बर,15	फैशन कोलोक्विल मिलान के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन।
अनुपमा गुप्ता, सह प्रोफेसर	अंतर्देशीय परिवहन और परिधान का मुख्य समय।	बेंगलुरु	24 सितम्बर,15	हैमबर्ग जर्मनी में अंतर्राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स सम्मेलन।
श्रुति गुप्ता, सह प्रोफेसर	शिक्षा में गत्यामकताः महत्व, संकल्पना अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण ।	कांगड़ा		संगोष्ठी–त्रिशा कॉलेज, हमीरपुर में उच्चतर शिक्षा संस्थाओं में उत्कृष्टता का प्रयास।
बान्ही झा, वरिष्ठ प्रोफेसर	खादी डेनिम : संधारणीय प्रकृति ।	दिल्ली	24 सितम्बर,15	फैशन परियोजना : निर्णायक मुद्दों का अन्वेषण : ऑक्सफोर्ड यूनाइटेड किंगडम में 7वीं वैश्विक बैठक
विशाखा अग्रवाल, सह प्रोफेसर	फैशन में विश्व के बदलते हुए परिदृश्य के संदर्भ में भावी शिक्षण अध्यापन–कला।	भोपाल	21 सितम्बर,15	डोमस एकेडमी, मिलान इटली में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन।
ऊषा नरसिंहम, सह प्रोफेसर	फैशन संबंधी पहचान।	दिल्ली	24 सितम्बर,15	फैशन परियोजना : निर्णायक मुद्दों का अन्वेषण : ऑक्सफोर्ड यूनाइटेड किंगडम में 7वीं वैश्विक बैठक
वर्षा गुप्ता, सह प्रोफेसर	प्रणाली गत्यामकता का प्रयोग करते हुए उपभोक्ता इत्तर वस्त्र अपशिष्ट प्रबंध के लिए एकीकृत संधारणीय विकास मॉडल।	दिल्ली	19 अक्टूबर,15	बीएसडीएम 2015 में ब्रुसेल्स संधारणीय विकास शिखर–सम्मेलन, बेल्जियम में मौखिक प्रस्तुतीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन।
दीपक पंघाल, सह प्रोफेसर	सिलाई मशीन के लिए सैंसर आधारित प्रकाश प्रणाली का विकास।	दिल्ली	30 दिसम्बर,15	2015 में आईआईईआर में मौखिक प्रस्तुतीकरण, मेलबोर्न में इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में नवीनतम अभिनवताओं पर 23वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीआरआईईटी)
शिखा गुप्ता, सह प्रोफेसर और वृष्टि पन्ना, सहायक प्रोफेसर	स्लो फैशन : विश्व के लिए रूझान, भारत के लिए परंपरा।	जोधपुर	21 सितम्बर,15	डोमस एकेडमी, मिलान में 21–22 सितम्बर, 2015 में आयोजित होने वाला अंतर्राष्ट्रीय फैशन कोलोक्विया मिलानो सम्मेलन।
वृष्टि पन्ना, सह प्रोफेसर और शिखा गुप्ता, सह प्रोफेसर	फैशन उद्योग के लिए संचार उपकरण के रूप में सोशल मीडिया की श्रेष्ठ प्रक्रियाओं को समझना।	जोधपुर	21 सितम्बर,15	डोमस एकेडमी, मिलान में 21–22 सितम्बर, 2015 में आयोजित होने वाला अंतर्राष्ट्रीय फैशन कोलोक्विया मिलानो सम्मेलन।
डा. शर्मिला जे. दुआ, प्रोफेसर	वस्त्र में आभूषण के लिए लालसा।	मुंबई	04 नवम्बर,15	इस्तांबुल, तुर्की में आयोजित की जाने वाली तीसरी अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र और परिधान कांग्रेस।
दीप सागर वर्मा, सहायक प्रोफेसर	फैशन : प्रसन्नता का उष्मायित्र	जोधपुर	21 सितम्बर,15	डोमस एकेडमी, मिलान में 21–22 सितम्बर, 2015 में आयोजित होने वाला अंतर्राष्ट्रीय फैशन कोलोक्विया मिलानों सम्मेलन।

संकाय सदस्यों का नाम	पत्र का शीर्षक	निफ्ट परिसर	सम्मेलन की तारीख	सम्मेलन का नाम
जी. चिरंजीवी रेड्डी, सह प्रोफेसर	फैशन : प्रसन्नता का उष्मायित्र ग हैं? फैशन डिइन छात्रों तथा संकाय सदस्यों का अध्ययन – हॉटेगॉगी पर संदर्श ।	हैदराबाद	25 मार्च,16	आईएफएफटीआई–2016, बीजिंग चीन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन।
सुधा ढींगरा, प्रोफेसर	आल (मोरिंडा सिट्रीयफोलियो) के साथ प्रकृति संधारणीय डाई के रंग।	दिल्ली	21 मार्च,16	आईएफएफटीआई–2016, बीजिंग चीन में सम्मेलन।
विनय भूषण जेना, सह प्रोफेसर	संधारणीयता फैशन की समस्याएं और संभावनाएं: कोटपाद प्राकृतिक डाइड हैंडलूम क्लस्टर का मामला अध्ययन।	भुवनेश्वर	21 मार्च,16	आईएफएफटीआई–2016, बीजिंग चीन में सम्मेलन।

संकाय अभिमुखीकरण *प्रशिक्षण और विकास*

प्रतिस्पर्धी परिवेश तथा तेजी से विकसित होती फैशन व्यवसाय शिक्षा की गतिशीलता विश्व में श्रेष्ठ शैक्षणिक और व्यावसायिक मानकों के समान ही उत्कृष्टता की मांग उत्पन्न करती है। इस क्षेत्र में आगे बने रहने के लिए, अपेक्षित सक्षमता को किसी संस्थागत तंत्र और प्रक्रिया के माध्यम से निरंतर विकसित और उन्नयित किए जाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण मानव संसाधन विकास के एक निर्णायक अवयव का निर्माण करता है जो निफ्ट के विभिन्न विभागों और कैंपसों के मध्य अंतर और अंतरा विकासात्मक नेटवर्क और संबंधों को उपब्ध कराके शैक्षणिक कार्मिकों के वैयक्तिक/सांस्थानिक विकास और अधिकारिता को सुकर बनाता है। यह निफ्ट परिवार के भीतर साझे दृष्टिकोण और लक्ष्य की भावना भी अभिप्रेरित करता है।

प्राध्यापक के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिचित करना है कि कोई भी कैंपस किसी सेमेस्टर आरंभ करने से पूर्व आत्मनिर्भर हो जाए तथा बाहरी संसाधनों पर उसकी निर्भरता न्यूनतम हो जाए। ये टीओटी सामान्यतः निफ्ट पाठ्यचर्या से संबंधित विषय–क्षेत्रों से संबंधित होते हैं। 4 से 7 दिन के बीच की अवधि वाले कुल 17 कार्यक्रम संचालित किए गए। इन कार्यक्रमों में कुल 148 प्राध्यापक–सदस्य लाभान्वित हुए। इनमें शामिल किए गए कुछ प्रमुख क्षेत्र थे – पैटर्न मेकिंग के माध्यम से डिजाइन विकास, शैक्षिक और औद्योगिक अनुसंधान के लिए प्रगत विश्लेषण, भारतीय शिल्प के संदर्भ में अनुसंधान क्रियाविधि, शिल्प पद्धतियां और परंपराएं, डाटाटेक्स एनओडब्ल्यू, प्रिंट डिजाइन आदि। शिक्षकों के लिए अंतर्विषयक क्षेत्रों में विशेष कार्यशालाएं संचालित की जाती हैं, जैसे शिक्षण शिक्षाविज्ञान, पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या का वितरण, शिक्षण उपकरण, मामला अध्ययन, मुख्य फैशन उद्योग की समझ आदि। विशेष कार्यशालाओं की अवधि 4 कार्यदिवसों से कम होती है। इसमें कुल 39 प्राध्यापक सदस्यों को लाभान्वित किया गया। शामिल किए कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं – प्रभावी पाठ्यचर्या निष्पादन, गुणवत्तात्मक अनुसंधान पद्धतियां आदि।

निफ्ट के प्राध्यापकों को उनके कार्यक्षेत्र में अद्यतन जानकारी देने एवं वस्त्र उद्योग की बारीकी से समझने अथवा वस्त्र उद्योग की पुरुष स्तरीय जानकारियों एवं उसके विभिन्न खण्डों से आपसी संबंध की जानकारी के लिए प्राध्यापाकों को उद्योग क्षेत्र में तैनाती की जाती है। जिससे प्राध्यापक मदों को वस्त्र उद्योग की अद्यतन जानकारियों को वे क्लास रूम तक ला सकें। जून–जुलाई, 2015 के दौरान कुल 53 प्राध्यापक सदस्यों ने प्रतिष्ठित संगठनों/कंपनियों में उद्योग संबद्धता कार्यक्रम में भाग लिया जैसे मैट्रिक्स क्लोडिंग प्रा.लि., एलवाईएसएएस, कलटक्राफ्ट. कॉम, ब्रास ट्रैक्स, पालस प्लश इंडिया प्रा.लि. , मियोन एपैरल (जकार्ता) आदि। संकाय द्वारा प्रस्तुत किए गए लगभग 34 प्रकाशनों/पत्रों/शोध लेखों की सूची संकलित की गई है तथा उसे निफ्ट के सभी कैंपसों में संकाय के मध्य व्यापक रूप से परिचालित किया गया है।

ब्रिज कार्यक्रम, स्नातकपूर्व डिप्लोमा धारकों के लिए एक वर्ष की अवधि का तथा स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारकों के लिए छह माह की अवधि का अनुपूरक कार्यक्रम है ताकि निफ्ट के पूर्व छात्र अपने डिप्लोमा को डिग्री में परिवर्तित कर सकें। ब्रिज कार्यक्रम नई दिल्ली परिसर में संचालित किए जाते हैं।

प्रवेश 2015

वर्ष 2015 के लिए, पन्द्रह कैंपसों में इस पाठ्यक्रमों में कुल 3268 सीटों की पेशकश की गई। लगभग 27537 (दो परीक्षाएं) छात्रों ने निफ्ट में प्रवेश के लिए आवेदन किया। इनमें से, मेरिट के आधार पर 2962 गैर–एनआरआई/राज्य अधिवास छात्रों को प्रवेश दिया गया तथा 259 सीटें एनआरआई छात्रों को दी गईं। वर्ष 2015 मे प्रदान की गई, भरी गई तथा रिक्त सीटों की स्थिति नीचे दी गई है।

श्रेणी	प्रस्तुति	भरी गईं	रिक्तियाँ
गैर एनआरआई आदिवासी सहित	2962	2747	215
टीआईडीआई के साथ एनआरआई	306	259	47
योग	3268	3006	262

2015 दीक्षांत समारोह

किसी शैक्षणिक वर्ष में स्नातक होने वाले छात्रों को डिग्रियां प्रदान करने के लिए प्रत्येक वर्ष दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाता है। वर्ष 2015 में, प्रत्येक कैंपस ने मई–जून, 2015 के दौरान दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इसके अलावा,, दीक्षांत समारोह शैक्षणिक वर्ष के भीतर संपन्न किए गए। अतः स्नातक बैच की बेहततर प्रतिभागिता की निरंतरता सुनिश्चित की गई।

कुल 2117 स्नातकों को 2015 में डिग्रियां प्राप्त हुईं। कैंपसवार और कार्यक्रमवार विवरण नीचे तालिका में दर्शाया गया है:

तालिका 1 : वर्ष 2015 में दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले छात्रों का कार्यक्रमवार और कैंपसवार विवरण

विभाग / कैम्पस	बैंगलूरू	भोपाल	भुवनेश्वर	चेन्नई	गांधीनगर	हैदराबाद	जोधपुर	कांगड़ा	कोलकाता	कुन्नूर	मुम्बई	नई दिल्ली	पटना	रायबरेली	शिलांग	योग
एडी	27	33			30	30		31				31		26	21	229
एफसी	33					31		24			34	34				156
एफडी	25			34	40	30		30	36		31	30	32	29	20	337
केडी	21			19		24			33	24	27	31				179
एलडी				22					23			33		24		102
टीडी	26	31	30	28	24	23		27	26	34	28	34				311
बीएफटी	27			25	25	25	26	34	23	25	21	28				259
एमओडी										35	32	35				102
एमएफएम	32	17	26	26	29	35	32		33	25	33	33	23		19	363
एमएफटी	28			15	17							19				79
योग	219	81	56	169	165	198	58	146	174	143	206	308	55	79	60	2117

उपर्युक्त के अलावा, डॉक्टोरेट ऑफ फिलॉस्फी (पीएच.डी.) डिग्रियां दिल्ली कैंपस में आयोजित दीक्षांत समारोह 2015 में प्रो. सुहैल अनवर, प्रो. शालिनी सूद, सुश्री वर्षा गुप्ता और सुश्री सुरुचि मित्तर को प्रदान की गईं।

संकेताक्षर

एडी : एस्सेसरी डिजाइन
बीएफटी : बैचलर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
बीओजी : बोर्ड ऑफ गवर्नर्स
सीसी : सेंटर कोऑडिनेटर
सीईपी : कन्टिन्यूईंग एजूकेशन प्रोग्राम
सीआईसी : क्लस्टर इन चार्ज
सीओई : कन्ट्रोलर ऑफ एक्जामिनेशन
सीपी : चेयरपर्सन
डीन (ए) : डीन (एकेडेमिक)
डीएफटी : डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
डीजी : डाइरेक्टर जनरल
एफ एण्ड एसी : फाईनेन्स एण्ड ऑडिट कमेटी
एफ एण्ड एलए : फैशन एण्ड लाइफ स्टाइल
एफसी : फैशन कम्यूनिकेशन
एफडी : फैशन डिजाइन
एफडीपी : फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम
एफएमएस : फैशन मैनेजमेंट स्टडीज़
एफओटीडी : फैकल्टी ओरिएन्टेशन, ट्रेनिंग एण्ड डवलपमेंट
आई एण्ड डीएल : इंटरनेशनल एण्ड डॉमेस्टिक लिंकेज
केडी : निटवेयर डिजाइन
एलडी : लैदर डिजाइन
एम डीईएस : मास्टर ऑफ डिजाइन
एमएफएम : मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट
एमएफटी : मास्टर ऑफ फैशन टेक्नॉलॉजी
एनएफओ : नेशनल फैशन ओलम्पियाड
आरआईसी : रीजनल इंडस्ट्री कोऑर्डिनेटर
एसडीएसी : स्टूडेंट डवलपमेंट एक्टीविटिज़
टीडी : टेक्सटाइल डिजाइन
टीओटी : ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स
यूआई : यूनिट–इन–चार्ज

राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान

लेखा परीक्षक रिपोर्ट और लेखों का विवरण

2015—16

राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान, नई दिल्ली के 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट।

1. हमने राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान अधिनियम 2006 की धारा 21(2) के साथ पठित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्त्तव्य, शक्तियां और सेवा शर्तें) अधिनियम 1971 की धारा 19(2) के अधीन राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान (निफ्ट) नई दिल्ली के 31 मार्च, 2016 के संलग्न तुलन–पत्र तथा उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय लेखों और प्राप्ति व भुगतान लेखों की लेखापरीक्षा की है। इन वित्तीय विवरणों में राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान के बेंगलूरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, गांधीनगर, हैदराबाद, जोधपुर, कांगड़ा, कन्नूर, कोलकाता, मुम्बई, पटना, रायबरेली, शिलांग और श्रीनगर में स्थित 16 कैम्पसों के लेखे भी शामिल हैं। इन वित्तीय विवरणियों को तैयार करना निफ्ट के प्रबंधन का उत्तरदायित्व हैं। हमारा उत्तरदायित्व इन वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा करने के उपरांत हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर अपनी राय प्रकट करना है।

2. इस पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में केवल वर्गीकरण, श्रेष्ठ लेखांकन पद्धतियों के साथ अनुपरूपता, लेखांकन मानक और प्रकटन संबंधी मानदण्डों आदि के संबंध में लेखांकन संव्यहार पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां शामिल हैं। विधि, नियम और विनियम (उपयुक्तता और नियमितता) तथा कार्यकुशलता एवं कार्यनिष्पादन संबंधी पहलुओं, आदि के अनुपालन के संबंध में वित्तीय लेन देनों पर लेखापरीक्षा टिप्पणियां, यदि कोई हो, निरीक्षण रिपोर्टों/सीएजी की लेखापरीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से अलग से रिपोर्ट की गई है।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखापरीक्षा मानकों के आधार पर की है। इन मानकों में यह अपेक्षित है कि हम लेखापरीक्षा की ऐसी योजना बनाएं और उसका कार्यनिष्पादन इस प्रकार करें कि हमें इस संबंध में यह युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त हो सके कि वित्तीय विवरणियां मिथ्या कथन से मुक्त हैं। लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों तथा प्रकटन का समर्थन करने वाले साक्ष्यों की परीक्षा के आधार पर परीक्षण किया जाना शामिल होता है। लेखापरीक्षा में प्रबंधन द्वारा प्रयोग किए गए लेखांकन सिद्धांतों और महत्वपूर्ण प्राक्कलनों का आकलन तथा साथ ही वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखापरीक्षा हमारे मत को एक युक्तिसंगत आधार प्रदान करेगी।

4. अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर, हम यह सूचित करते हैं किः

i) हमने वे सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में हमारी लेखापरीक्षा प्रयोजन के लिए आवश्यक थे।

ii) इस रिपोर्ट के साथ संव्यवहारित तुलन–पत्र और आय व व्यय लेखे और प्राप्ति और भुगतान लेखे भारत सरकार द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में तैयार किए गए हैं।

iii) हमारी राय में, राष्ट्रीय फैशन टैक्नालॉजी संस्थान, नई दिल्ली द्वारा लेखा–बहियों तथा अन्य प्रासंगिक अभिलेखों, जहां तक कि बहियों की हमारे द्वारा की गई जांच से प्रतीत होता है, का समुचित रूप से रख–रखाव किया गया है।

iv) हम यह भी सूचित करते हैं किः

लेखों पर टिप्पणियां

क तुलन–पत्र

क.1 देयताएं

क.1.1 चालू देयताएं और प्रावधान(अनुसूची 4) रुपये 155.70 करोड़

क.1.1.1 प्रवाधान (अनुसूची 4 ख)– रुपये 56.43 करोड़

अन्य प्रावधानः रुपये 9.08 करोड़

उपरोक्त में, जनवरी, 2016 से मार्च, 2016 की अवधि के रुपये 50.28 लाख के अप्रदत्त खर्चे जिनमें एमपीएलएस बैंडविड्थ हेतु अपफ्रंट व किराए प्रभार (रुपये 18.93 लाख), बच्चों की शिक्षा संबंधी भत्ता (रुपये 3.19 लाख), वाहन किराए पर लेना (रुपये 1.14 लाख), बीओजी बैठक (0.82 लाख), विज्ञापन (12.53 लाख), डोनर फैशन शो (रुपये 6.53 लाख) और महंगाई भत्ते का बकाया (7.14 लाख) शामिल है। इसके परिणामस्वरूप,वर्ष में रुपये 50.28 लाख से चालू देताओं व प्रावधान का अल्पकथन और अधिशेष का अतिकथन हुआ है।

क. 2 परिसंपत्तियां

क. 2.1 अचल परिसंपत्तियां (अनुसूची 5)–रुपये 614.67 करोड़

क.2.1.1 प्रगति में पूंजीगतकार्य (अनुसूची 5 ख): रुपये 238.15 करोड़

क. 2.1.1.1 अन्य–रुपये 6.82 करोड़

क. इसमें समूचे भारत में निफ्ट कैम्पसों में स्थापित क्लासरूम वीडियो कांफ्रेंसिंग के कार्यान्वयन हेतु रुपये 4.76 करोड़ की लागत शामिल है। चूंकि, रुपये 6.32 करोड़ के मूल्य का नेटवर्क 09.10.2015 से 15 कैम्पसों में प्रचालनात्मक था और आईटी विभाग ने भी 16.02.2016 से स्वीकार्यता व प्रचालन प्रमाणपत्र जारी करने का प्रस्ताव दिया है अतः इसे पूंजीकृत किया जाना चाहिए था। उक्त वीडियों कान्फ्रेंसिंग सेट–अप के गैर पूंजीकरण के चलते सीडब्लूआईपी के संबंध में अतिकथन रुपये 4.76 करोड़ और चालू देयताओं के लिए रुपये 1.56 करोड़ और अचल परिसंपत्ति अर्थात् कंप्यूटर हार्डवेयर हेतु रुपये 6.32 करोड़ का अल्पकथन हुआ है।

इसके अलावा, संस्थान की लेखांकन नीति के खण्ड 5 (ii) के अनुसार, 30 सितंबर, के पश्चात अधिग्रहित परिसंपत्ति, पर सामान्य दर (कंप्यूटर हार्डवेयर के लिए 16.21%) के 50% पर मूल्यह्रास लगाया जाता है। तदनुसार, वीडियो कान्फ्रेंसिंग सेट–अप पर रुपये 51.22 लाख का मूल्यह्रास लगाया जाना चाहिए था। मूल्यह्रास न लगाने के कारण वर्ष में रुपये 51.22 लाख को मूल्यह्रास में अल्पकथन और अधिशेष में अतिकथन हुआ है।

